
UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक
# यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-159 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) गुरूवार 21 मई 2026 youngbharatE-paper.com

## यूपी में कैसी है बीजेपी की स्थिति?

### विधानसभा चुनाव के 9 महीने पहले एक्सिस माई इण्डिया के प्रदीप गुप्ता ने कर दिया बड़ा दावा



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

लखनऊ। प्रदेश में अगले वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं. पुराने चुनाव की तारीखों के आधार पर देखें तो अभी चुनाव में कम से कम 9 महीने बचे हुए हैं. इससे पहले एक्सिस माय इंडिया के चेयरमैन प्रदीप गुप्ता ने यूपी को लेकर बड़ा दावा किया है.

उन्होंने उत्तर प्रदेश की राजनीति का उदाहरण देते हुए यह भी कहा कि यूपी ऐसा राज्य है जहां संतुष्टि का स्तर अच्छा होने के बावजूद राजनीतिक समीकरण तेजी से बदल जाते हैं एक्सिस माय इंडिया के चेयरमैन प्रदीप गुप्ता ने कहा, क्क में संतुष्टि का स्तर अच्छा है; इसी आधार पर, ऐसा लगता है कि कोई बड़ी समस्या नहीं है. लेकिन यह एक अलग तरह का राज्य है, यहां चीज़ें बहुत तेज़ी से बदलती हैं. अगर मौजूदा सरकार का काम अच्छा नहीं होता, तो लोग दूसरे विकल्पों की तलाश करते हैं. यहां इसी तरह से काम होता है. समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए साक्षात्कार में उन्होंने उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि यूपी में समाजवादी पार्टी करीब 26 फीसदी वोट शेयर पर पूर्ण बहुमत की सरकार बना चुकी है, जबकि बसपा चीफ मायावती भी लगभग 29 फीसदी वोट शेयर के साथ सत्ता में आई थीं. उनका कहना था कि अगर वोटों का बंटवारा ज्यादा होता है तो 25 फीसदी वोट शेयर वाली पार्टी भी चुनाव जीत सकती है. 2022 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के परिणामों ने स्पष्ट कर दिया था कि राज्य की राजनीति में वोट शेयर और सीट शेयर का गणित कितना अलग हो सकता है. इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 41.29 प्रतिशत वोट हासिल कर 255 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि समाजवादी पार्टी को 32.06 प्रतिशत वोट के साथ 111 सीटें मिलीं. वहीं बहुजन समाज पार्टी का वोट शेयर 12.88 प्रतिशत रहने के बावजूद पार्टी सिर्फ एक सीट जीत सकी. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 399 सीटों पर चुनाव लड़कर केवल 2 सीटें जीतीं और उसका वोट शेयर 2.33 प्रतिशत रहा. साल 2022 के चुनाव परिणामों का आंकलन करें तो यूपी में बहुकोणीय मुकाबले और वोटों के बंटवारे का सीधा असर सीटों पर पड़ता है. यही वजह है कि कम वोट शेयर वाली पार्टी भी बड़ी संख्या में सीटें जीत सकती है, जबकि अच्छा वोट प्रतिशत पाने वाली पार्टी सीटों में पिछड़ सकती है. इसके अलावा हृह्रञ्ज को भी 6 लाख से ज्यादा वोट मिले, जबकि निर्दलीय उम्मीदवारों को लगभग 10 लाख वोट मिलने के बावजूद कोई सीट नहीं मिली.

## जिस एमएलए ने की मौज, बीजेपी में उसकी जगह नए कैंडिडेट की खोज

( यंग भारत न्यूज )



**मेरठ:** यूपी विधानसभा चुनाव 2027 के सज चुके रण में अब सभी दल सियासी योद्धाओं की तलाश में जुट गए हैं। भारतीय जनता पार्टी 2022 में जीतकर विधायक बनने वालों की स्क्रिनिंग करा रही है। जिस भी विधायक ने आमजन से दूर रहकर या उनके दुख दर्द में साथ नहीं देकर मौज ली, उस विधायक की जगह 2027 में पार्टी नए कैंडिडेट को खोज रही है। इसके लिए बाकायदा एक बार फिर एजेंसी से अपने विधायकों और संभावित दावेदारों की जमीनी पकड़ का फाइनल आकलन करा रही है।

भाजपा हाईकमान ने दो अलग-अलग एजेंसियों को इसका जिम्मा दिया है। इन एजेंसियों की टीम बीते कई दिन से शहर और गांव तक हर वर्ग के लोगों से मौजूदा विधायकों के कामकाज और संभावित उम्मीदवारों के यहां दस्तक देकर राय जान रहे हैं। भाजपा के एक पदाधिकारी के मुताबिक, एजेंसियों की टीम मंडल वार सर्वे कर रही है। हर मंडल के जिलों में भाजपा का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा। दो बार से यूपी में भाजपा की बहुमत की सरकार है, लेकिन मुरादाबाद मंडल में भाजपा का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। इसको लेकर भाजपा की टेंशन मुरादाबाद मंडल में ज्यादा है। एक पदाधिकारी के मुताबिक, 2017 में मंडल की 27 में से 14 और 2022 में 10 सीटों पर भाजपा जीती थी, इसलिए मुरादाबाद मंडल समेत सभी मंडलों में जिताऊ कैंडिडेट के चयन में मदद के लिए भाजपा अपने संगठन के अलावा बाहरी एजेंसियों से सर्वे करा रही है। सांसद की राय अहम रहेगी

जिला और क्षेत्र स्तर से संभावित कैंडिडेट की लिस्ट बनाए जाने के साथ सांसद, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पसंद को भी महत्व दिया जाएगा। बाहरी एजेंसियों की लिस्ट से संगठन की लिस्ट का मिलान किया जाएगा। जिन नामों में समानता रहेगी उनको हरी झंडी दे दी जाएगी। ये एजेंसियां जल्द अपनी रिपोर्ट हाईकमान को सौंप देगी। एक पदाधिकारी की माने तो विधायकों के साथ सरकार के काम के बारे में जानकारी एजेंसिंया हासिल कर रही हैं। दरअसल, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी सभी ने भी अपने कैंडिडेट तय करने शुरू कर दिए हैं। कांग्रेस ने भी बाहरी एजेंसियों से संभावित कैंडिडेट के लिए वेस्ट यूपी में सभी सीटों पर लिस्ट तैयार कराई है। समाजवादी पार्टी भी एजेंसियों की मदद कैंडिडेट चयन के लिए ले चुकी है। बहुजन समाज पार्टी ने अपने प्रभारी (प्रत्याशी) के नाम घोषित करने शुरू कर दिए। आजाद समाज पार्टी भी संभावित कैंडिडेट के लिए दूसरे दलों से असरदार लोगों को अपने साथ मिलाकर कैंडिडेट चयन के लिए समीकरण बैठा रही है। इसी तरह बाकी छोटे दल भी सक्रियता दिखा रहे हैं

## सुर्खियां............

### नहर में नहा रहे लोगो के मोवाइल कपड़े ले उड़ा चोर

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** चिलचिलाती धूप में शरीर को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कई दोस्त नहर में मिलकर नहा रहे थे और अपने कपड़ों में मोवाइल छुपाकर नहर किनारे पाट पर रख दिए तभी घात लगाए चोर ने मौका पाते ही मोबाइल लेकर रफूचक्कर हो गया।

### भीषण गर्मी के चलते आधार कार्ड बनबाने में डाक विभाग ने दी सहूलियत

#### अब सुबह 7 बजे से खुलेगे आधार कार्ड बनाने बाले काउंटर

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** भीषण गर्मी के बीच डाक विभाग ने आधार कार्ड काउंटर पर सुबह 7 बजे से और दो शिफ्टों में अपना आधार संबंधी काम कराने की सहूलियत आम नागरिकों को दी है।कड़ी धूप और लू के गर्म थपेड़ों के बीच बच्चों से लेकर बड़े-बूढ़े बुरी तरह से हलकान नजर आ रहे हैं। आम लोगों की परेशानी को देखते हुए डाक विभाग ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

### लखनऊ में तोडे गए वकीलो के चैंबर से नाराज वकीलो ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उच्च न्यायालय के एक आदेश के अनुपालन में नगर निगम एवं पुलिस द्वारा कोर्ट के आसपास स्थित वकीलों के चिन्हित चैंबर मौके से हटाए जाने की कार्यवाही के दौरान गत रोज वकीलों पर हुए लाठीचार्ज से प्रदेश भर के वकीलों में आक्रोश देखा जा रहा है। कोंच के वकीलों ने भी लाठीचार्ज की घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग मुख्यमंत्री से की है।

## राहुल गांधी ने पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह को 'गद्दार'

### कहा; बोले-मैं माफी नहीं मांगूंगा

( यंग भारत न्यूज )



**अमेठी :** कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रायबरेली में पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर अमर्यादित टिप्पणी की है. राहुल गांधी ने पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को 'गद्दार' कहा. रायबरेली दौरे के दूसरे दिन राहुल ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा. नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस का गढ़ माने जाने वाले अमेठी में देश के पीएम पर जमकर बरसे. राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को पर जमकर निशाना साधा।राहुल गांधी ने पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को गद्दार कहते हुए कहा कि वो माफी नहीं मांगेंगे.

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बुधवार को अमेठी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे. मंच पर माइक हाथ में आते ही राहुल गांधी के तेवर काफी सख्त नजर आए. उन्होंने बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि वे किसी से डरने वाले नहीं हैं. मैं माफी नहीं मांगूंगा, फिर बोलूंगा अमित शाह और नरेंद्र मोदी गद्दार हैं, क्योंकि उन्होंने कॉन्स्टिट्यूशन पर आक्रमण किया है.राहुल गांधी ने आगे कहा कि मैं इन लोगों से नहीं डरता हूं. हिंदुस्तान की जनता भी इस बात को समझ गई है, वो भी आपसे नहीं डरती है. आगे उन्होंने कहा कि पता नहीं आज आपने मोदी जी का वीडियो देखा कि नहीं देखा. व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी वालों से सवाल करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री इटली के प्रधानमंत्री मेलोनी को टॉफी खिला रहे है. पीएम ने इटली जाने से पहले हिंदुस्तान से कहा कि खूब पेट्रोल का यूज़ कम करो. फिर उसी के एक दिन बाद 4000 करोड़ के हवाई जहाज में इटली गए. वहां के पीएम को टॉफी खिलाकर रील बनवा रहे हैं. देश की जनता के साथ यह क्या खिलवाड़ हो रहा है. फैक्ट्रियां बंद हो रही हैं. महंगाई बढ़ती जा रही है. आने वाले दिनों में खाद नहीं मिलेगी. समय आने वाला है. ईरान में अमेरिका और ईरान की लड़ाई हुई, उसमें होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया.राहुल गांधी ने कहा कि नोटबंदी के बाद पीएम मोदी ने रोते हुए कहा था मुझे फांसी पर चढ़ा देना, अगर काला धन खत्म नहीं हुआ. अब फिर से हाथ जोड़ने और रोने का टाइम आ रहा है. आप एक बात याद रखिए, नोटबंदी हिंदुस्तान के किसानों पर, मजदूरों पर, छोटे व्यापारियों पर आक्रमण था. नोटबंदी का लक्ष्य आपके जेब का पैसा, आपकी मेहनत का पैसा अडानी और अंबानी के हवाले करने का था. जब हमारे मजदूर हजारों किलोमीटर पैदल चल रहे थे. तब नरेंद्र मोदी अडानी अंबानी का लाखों करोड़ों रुपए का कर्ज माफ कर रहे थे. अब देखिए, इन्होंने क्या किया. पब्लिक सेक्टर को खत्म कर दिया. फैक्ट्रियां बंद हो गई. किसान मजदूर कमजोर हो गए. पूरे देश में इन्होंने बेरोजगारी फैला दी. राहुल ने कहा कि हिंदुस्तान में आर्थिक तूफान आ रहा है. ऐसा तूफान आ रहा है, जो हिंदुस्तान में कभी नहीं आया था. नरेंद्र मोदी चुनाव के पहले कहते हैं कि तेल और गैस की कोई कमी नहीं है, सब कुछ ठीक है. हम दो महीने से कह रहे है. पार्लियामेंट में कहा, भाषणों में कहा कि 2 महीने से कहा, तब बीजेपी वाले मेरा मज़ाक उड़ाते हैं. उन्होंने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी को पिछले 3 महीने में जो सुधार करना था, नहीं किए. नरेंद्र मोदी ने पिछले 12 साल से संविधान पर आक्रमण किया है. आरएसएस के लोगों को इलेक्शन कमीशन को पूरा कंट्रोल कर दिया. वोट चोरी का सिस्टम बना लिया.अडानी-अंबानी देश को नहीं बचा सकते है. देश का किसान-मजदूर देश को बचा सकता है. इन्होंने आपके हाथों को बांध दिया है. हम अब भी यही कह रहे हैं कि आप देश के किसानों के लिए काम करिए. इसके पूर्व राहुल गांधी अमेठी के दिवंगत कांग्रेसी नेता योगेंद्र मिश्रा के घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी. श्री मिश्र का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था. कार्यकर्ताओं के सम्मेलन के बाद राहुल गांधी का काफिला मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल के लिए रवाना हो गया.

## बीएसपी के करीब सपा से दूरी, यूपी में नया दांव खेल रहे राहुल गांधी? खुल गया भेद

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** तीसरी बार सरकार बनाने के लिए उत्तर प्रदेश में सियासी समीकरणों को साधने में जुट गई है। जातीय समीकरण के साथ मंत्रिमंडल विस्तार करने के बाद अब संगठन में ओबीसी, दलित और महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित करने जा रही है।

कांग्रेस अभी जिले और प्रदेश स्तर पर कमेटियों का गठन भी नहीं कर पाई है। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं को एक तरफ चिंता सता रही है, दूसरी तरफ नई सुगबुगाहट देखने को मिल रही है। पार्टी समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने के लिए सजग है। राहुल गांधी का मानना है कि यूपी में यादव, मुस्लिम और दलितों की एकजुटता से सरकार बनाई जा सकती है। ऐसे में मायावती का साथ होना जरूरी है। मायावती पहले ही यूपी में अकेले दम पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुकी है। कांग्रेस के कुछ नेता कवायद कर रहे हैं कि बहुजन समाज पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा जाए। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती इन दिनों लखनऊ में रहकर संगठन को मजबूत करने में लगी हुई है। यह जानकर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र गौतम, विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद तनुज पुनिया अन्य नेताओं के साथ मायावती के आवास पर मिलने के लिए पहुंचे। चर्चा रही कि यह लोग कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी का संदेश लेकर आए हैं। वह आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बातचीत करना चाहते हैं। संदेश अंदर भेजा गया, लेकिन मायावती ने कांग्रेस नेताओं से मिलने से इंनकार कर दिया। कांग्रेस नेता काफी देर तक वहां मौजूद रहे। इसके बाद मायावती आवास से बाहर निकल आए। कांग्रेस नेताओं के मायावती से उनके आवास में मिलने जाने की सूचना से प्रदेश की सियासत में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। राजनैतिक लोगों का मानना है कि बीजेपी को मात देने के लिए राहुल गांधी कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहे है। मायावती का साथ मिल जाए तो प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी को सीधी टक्कर दी जा सकती है। मायावती के मिलने से इनकार करना भी कुछ और ही कहानी बयां कर रहा है। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र गौतम ने सफाई देते हुए कहा कि मायावती दलित समाज की पूर्व मुख्यमंत्री है। उनके लखनऊ में होने की जानकारी मिली थी। हाल चाल लेना भी हमारा दायित्व है। हमने मायावतीके आवास के गेट पर अपना नाम लिखवा दिया है। जब मायावती बुलाएंगी तो दुबारा मिलने जाएंगे। कांग्रेस ने मायावती से मिलने पहुंचे नेताओं को कारण बताओ नोटिस दिया है। कांग्रेस का कहना है कि पार्टी की सहमति नहीं थी फिर कैसे मायवती से मिलने लोग पहुंच गए। अब मायावती की ओर जाने वाले नेता परेशानी में फंस गए हैं। किरकिरी अलग से हुई और मायवती भी नहीं मिलीं। दूसरी तरफ पार्टी ने नोटिस भी भेज दिया।

## प्यार में पागल लड़की ने जो किया वो न इंसानियत में आता है न जुनून में. बॉयफ्रेंड को मिली ऐसी सज़ा कि मौत भी शर्मिंदा हो गई

( यंग भारत न्यूज )



प्रदेश में एक प्रेम कहानी ने ऐसा मोड़ लिया जो किसी ने नहीं सोचा था। एक युवती अपने प्रेमी के लिए इस कदर पागल थी कि जब उसे पता चला कि लड़का किसी और से शादी करने जा रहा है, तो उसके मन में बदले की भावना घर कर गई। उसने प्रेमी को एक सुनसान जगह पर बुलाया, कहकर कि वह उसे आखिरी बार मिलना चाहती है। जब लड़का वहां पहुंचा, तो लड़की ने उसे एक पेय पदार्थ दिया जिसमें कुछ मिलाया गया था। वह बेहोश हो गया और होश आने पर खुद को एक अंधेरे कमरे में पाया। कमरे की दीवारों पर अजीब-अजीब चित्र बने हुए थे, और वहां किसी को बुलाने का कोई तरीका नहीं था।

लड़की ने उससे कहा कि अगर वह उसे नहीं मिला, तो वह किसी और को भी नहीं मिलेगा। कई दिनों तक लड़के को उसी कमरे में भूखा-प्यासा रखा गया। आखिरकार किसी तरह वह भाग निकला और बाहर आकर अपनी कहानी बताई, जिसे सुनकर हर कोई सन्न रह गया। युवक की शिकायत के आधार पर पुलिस ने युवती के खिलाफ अपहरण, ज़हर देने और शारीरिक शोषण की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपी युवती फिलहाल फरार है और उसकी तलाश की जा रही है

# एसटीके बालिका विद्यालय में छात्राओ को किया गया सम्मानित

## सम्मान पाकर खिल उठे मेधावी छात्राओ के चहरे







( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर के एसटीके बालिका विद्यालय में बुधवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं एनुअल अवार्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं को विभिन्न शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि के रूप में विज्ञान सीरोठिया मौजूद रहे।विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ आलोक निरंजन, बृज बल्लभ सिंह सेंगर सभासद प्रतिनिधि देवेंद्र गुर्जर उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नीलेश सिंह एवं सुधांशु सिंह ने विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं की मेहनत और शिक्षकों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन का विकास भी विद्यार्थियों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने अपने संबोधन में छात्राओं को निरंतर मेहनत करने और जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।उन्होने कहा विद्यालय की छात्राये उच्च शिक्षा प्राप्त कर विद्यालय के साथ साथ परिवार एवं नगर का नाम रोशन करे।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर डॉ हरिमोहन गुप्ता,रामशरण कुशवाह सहित विद्यालय के अशोक,विष्णु,मनोज मिश्रा,आशीष गौतम,आशुतोष तिवारी,अंकित,अजय भदौरिया,नेहा, श्रृद्धा,शिवांगी,रुकसार, शीतल,सहित छात्राओं के अभिभावक आदि समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहै।

## चेक बाउंस के मामले में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** चौकी पुलिस ने चेक बाउंस के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी धर्मेंद्र कुमार वर्ष 2025 के चेक बाउंस के एक मामले में फरार चल रहा था। मंगलवार की रात चौकी प्रभारी मनीष तिवारी को सूचना मिली कि वारंटी अपने मोहल्ले में टहल रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने वारंटी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया है।

## युवाओं को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर कोतवाली पुलिस ने नगर के मोहल्ला चौधरयाना स्थित एक लाइब्रेरी में युवाओं को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सोशल मीडिया, मोबाइल और ऑनलाइन माध्यमों से हो रही ठगी के नए तरीकों की जानकारी देते हुए सतर्क रहने की अपील की गई।

साइबर जागरूकता अभियान के दौरान महिला चौकी प्रभारी मधु देवी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। अपराधी लोगों को फोन कॉल, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया मैसेज और बैंकिंग एप के जरिए अपना शिकार बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनजान नंबरों से आने वाली कॉल या लिंक पर भरोसा न करें और किसी भी व्यक्ति के साथ बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी या यूपीआई संबंधी जानकारी साझा न करें। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट, डीपफेक टेक्नोलॉजी और बैंक केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाली जालसाजी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि साइबर अपराधी खुद को पुलिस, सीबीआई या बैंक अधिकारी बताकर लोगों को डराते हैं और फिर उनसे पैसे ठग लेते हैं। कई बार फर्जी वीडियो और आवाज तैयार कर लोगों को भ्रमित किया जाता है। ऐसे मामलों में घबराने की बजाय तुरंत पुलिस को सूचना देना चाहिए। अपनी निजी जानकारी सार्वजनिक प्लेटफॉर्म पर साझा करने से बचें। महिला कांस्टेबल रेणुका ने बताया कि यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड हो जाता है तो वह तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करा सकता है। इसके अलावा चक्षु पोर्टल के माध्यम से भी ऑनलाइन शिकायत की जा सकती है। उन्होंने कहा कि शिकायत करते समय घटना की तारीख, समय और संबंधित विवरण जरूर दर्ज कराएं, ताकि कार्रवाई में आसानी हो सके। इस मौके पर प्रियंका, सरोज, सतेंद्र सिंह, मंजेश मधुकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जनगणना-2027 के पहले चरण में प्रगणक को मानक से कहीं अधिक भवन आवंटिक किए जाने का आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । जनगणना-2027 के पहले चरण के अंतर्गत होने वाली भवन गणना को लेकर एक प्रगणक को मानक से कहीं अधिक भवन आवंटिक किए जाने का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष लालजी पाठक ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर प्रगणकों को मानक के अनुसार भवन आवंटित किए जाने की मांग की है। ब्लॉक अध्यक्ष लालजी पाठक ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही को दिए ज्ञापन में बताया कि नगर क्षेत्र में बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक-शिक्षिकाओं की ड्यूटी भवन गणना एवं जनगणना-2027 के कार्य में लगाई गई है। शासन के मानक के अनुसार एक प्रगणक को 150 से 200 भवनों का आवंटन किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि आवंटन प्रक्रिया में अनियमितता बरतते हुए प्रगणकों को 400 से 600 भवन तक आवंटित कर दिए गए हैं। मानक से अधिक भवनों का सर्वे कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करना कठिन होगा। साथ ही जल्दबाजी में कार्य होने पर त्रुटियों की संभावना भी बढ़ सकती जाएगी। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सभी प्रगणकों को शासन के निर्धारित मानक के अनुसार ही भवन आवंटित किए जाएं, ताकि भवन गणना का कार्य सुचारु, समयबद्ध और बिना त्रुटि के पूरा कराया जा सके

# भीषण गर्मी में जालौन में बिजली दे रही धोखा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** भीषण गर्मी में नगर की बिजली व्यवस्था लोगों को परेशान कर रही है। दिन में तेज धूप के चलते जहां लोग राहत के लिए बिजली पर निर्भर हैं, वहीं रात के समय लगातार हो रही बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या ने लोगों की नींद तक छीन ली है। मंगलवार की रात नगर के कई मोहल्लों में लोग रात करीब दो बजे तक बिजली की आंखमिचौली और कम वोल्टेज की समस्या से जूझते रहे।

एक ओर शासन की ओर से लगातार हीट वेब का अलर्ट जारी हो रहा है। तो दूसरी ओर नगर के अलग अलग मोहल्लों में पांच से दस मिनट के अंतराल में बिजली का बार-बार आना-जाना जारी रहा। इससे लोगों को न केवल गर्मी में परेशानी उठानी पड़ी, बल्कि बिजली उपकरणों के खराब होने का डर भी बना रहा। कई घरों में पंखे और कूलर लो वोल्टेज के कारण ठीक से नहीं चल सके, जिससे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं पूरी रात गर्मी से बेहाल रहे। लोगों का कहना है कि रात के समय बिजली की आवाजाही सबसे अधिक परेशानी का कारण बन रही है। जैसे ही लोग सोने का प्रयास करते हैं, बिजली चली जाती है और कुछ देर बाद फिर आ जाती है। बार-बार ट्रिपिंग होने से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है। नगर के मोहल्ला चुर्खीबाल, खटीकान, मुरलीमनोहर, तकिया रोड, गणेशजी आदि मोहल्ले के लोगों ने बताया कि रात में लो वोल्टेज के चलते पंखे, कूलर केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। कई घरों में मोटर तक नहीं चल सकी, जिससे पानी भरने में भी दिक्कत हुई। लोगों ने कहा कि हर साल गर्मी के मौसम में बिजली व्यवस्था चरमरा जाती है। हालांकि बिजली विभाग द्वारा मेंटीनेंस के दावे किए जाते हैं लेकिन जब गर्मी पड़ती है तो दावे हवा हवाई साबित होते हैं। नगर के लोगों ने बिजली व्यवस्था दुरूस्त कराने की मांग की है। इस बाबत जेई नवीन कंजौलिया ने बताया कि रात में बिजलीघर में केबिल जलने से लो वोल्टेज की समस्या आई थी। जिसे ठीक कर लिया गया है। ट्रांसफॉर्मर पर मीटर लगाए जा रहे हैं। एक दो दिन में व्यवस्था दुरूस्त कर ली जाएगी।

# स्वर्णकार संघ की बैठक में समाज की एकजुटता, संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ की बैठक में समाज की एकजुटता, संगठन विस्तार और समाजहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आशीष सोनी को संगठन का नगर अध्यक्ष घोषित किया गया।

नगर के बाजार बैठगंज में आयोजित अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ की बैठक में प्रदेश महामंत्री डॉ. विवेक स्वर्णकार ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए संगठन का मजबूत होना बेहद जरूरी है। स्वर्णकार समाज मेहनतकश और प्रतिभाशाली समाज है, जिसने हमेशा व्यापार, कला और सामाजिक कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। झांसी मंडल प्रभारी अशोक कुमार स्वर्णकार ने कहा कि समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। यदि सभी लोग संगठित होकर कार्य करेंगे तो समाज की समस्याओं का समाधान आसानी से किया जा सकेगा। बैठक के दौरान संगठन को विस्तार देते हुए आशीष सोनी को नगर अध्यक्ष व महेश स्वर्णकार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष घोषित किया गया। इसके अलावा देवेश स्वर्णकार को जिला महामंत्री व मनोज सोनी को जिला सचिव घोषित किया गया। सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। पदाधिकारियों ने समाज हित में कार्य करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर झांसी जिला संगठन मंत्री मनोज स्वर्णकार, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सोनी, हरीश सोनी, मुन्नीलाल सोनी, कपिल सोनी, कमलेश सोनी, श्यामजी सोनी, अन्नू सोनी, विनोद सोनी, विनोद सोनी पतराही, रामनारायण सोनी, दिनेश सोनी, धर्मेंद्र सोनी, ऋषि सोनी, विमल सोनी, मनोज सोनी, शिवम सोनी, रामजी सोनी, दीपक सोनी, महेश स्वर्णकार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## लखनऊ में तोडे गए वकीलो के चैंबर से नाराज वकीलो ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

कोंच प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उच्च न्यायालय के एक आदेश के अनुपालन में नगर निगम एवं पुलिस द्वारा कोर्ट के आसपास स्थित वकीलों के चिन्हित चैंबर मौके से हटाए जाने की कार्यवाही के दौरान गत रोज वकीलों पर हुए लाठीचार्ज से प्रदेश भर के वकीलों में आक्रोश देखा जा रहा है। कोंच के वकीलों ने भी लाठीचार्ज की घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग मुख्यमंत्री से की है।बुधवार को कोंच बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में वकीलों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी हेमंत कुमार पटेल को सौंपा। ज्ञापन में वकीलों ने कहा कि वकीलों के चैंबर तोड़ने की आड़ में वकीलों पर बर्बरतापूर्ण जो लाठीचार्ज किया गया है वह निंदनीय है। लाठीचार्ज में तमाम वकील गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वकीलों ने मांग कि है कि लाठीचार्ज करने में शामिल पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

# नहर में नहा रहे लोगो के मोवाइल कपड़े ले उड़ा चोर

( यंग भारत न्यूज )

**कों**च चिलचिलाती धूप में शरीर को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कई दोस्त नहर में मिलकर नहा रहे थे और अपने कपड़ों में मोवाइल छुपाकर नहर किनारे पाट पर रख दिए तभी घात लगाए चोर ने मौका पाते ही मोबाइल लेकर रफूचक्कर हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लौना निवासी हिमांशु पुत्र राम कुमार अपने दोस्त सुमित पुत्र अशोक और अजय पुत्र अशोक के साथ उरई रोड स्थित एट मोड़ पर नहर में बुधवार को नहा रहे थे और नहाने के पहले तीनो ने अपने मोवाइल कपड़ों में लपेटकर नहर किनारे रख दिए। उसी नहर में मुहल्ला भगत सिंह नगर निवासी बकील पुत्र मुन्ना जिसका एक हाँथ कटा हुआ है नहा रहा था और नहाने के बाद बाहर निकलकर हिमांशु का मोवाइल कपड़ों सहित लेकर रफूचक्कर हो गया जैसे ही नहर में नहा रहे हिमांशु व उनके दोस्तों की नजर गायव कपड़ों पर पड़ी तो वह तुरंत ही बाहर निकलकर आये और चोर का पीछा करते हुए फायर बिग्रेड तक पहुंच गए जहां पर चोरी गए मोवाइल का कबर पड़ा हुआ मिला ।लोगो ने भाग रहे चोर को पकड़कर पुलिस स्टेशन ले गए और उसे पुलिस के हबाले कर दिया।

# भीषण गर्मी के चलते आधार कार्ड बनबाने में डाक विभाग ने दी सहूलियत

## अब सुबह 7 बजे से खुलेगे आधार कार्ड बनाने बाले काउंटर

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** भीषण गर्मी के बीच डाक विभाग ने आधार कार्ड काउंटर पर सुबह 7 बजे से और दो शिफ्टों में अपना आधार संबंधी काम कराने की सहूलियत आम नागरिकों को दी है ।कड़ी धूप और लू के गर्म थपेड़ों के बीच बच्चों से लेकर बड़े-बूढ़े बुरी तरह से हलकान नजर आ रहे हैं। आम लोगों की परेशानी को देखते हुए डाक विभाग ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। डाक निरीक्षक सब डिवीजन कोंच एलके अवस्थी ने जानकारी देकर बताया कि प्रवर डाक अधीक्षक झांसी मंडल झांसी द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में सर्राफा बाजार कोंच स्थित मुख्य डाकघर में अभी तक सुबह 10 बजे से खुलने वाला आधार कार्ड काउंटर अब से सुबह 7 बजे से खुलेगा। पहली शिफ्ट सुबह 7 से 12 और दूसरी शिफ्ट 12 से 5 बजे तक नियत रहेगी, आम नागरिक अब उक्त पूरे समय में कभी भी यहां पर आकर अपना आधार कार्ड संबंधी कार्य करा सकते हैं। डाक निरीक्षक ने बताया कि भीषण गर्मी में प्यास बुझाने के लिए यहां पर प्याऊ की भी व्यवस्था कर दी गई है ताकि यहां पर अपने कामों से आने वाले नागरिकों को शीतल स्वच्छ पीने का पानी मिल सके।

# व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता-भगवताचार्य

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** किसी भी व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। कंस ने अहंकार किया तो उसका सर्वनाश हो गया। यह बात मोहल्ला हरीपुरा में स्थित घाटे वाले हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित साप्ताहिक भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास दिलीप कुमार दीक्षित ने कही।

नगर के मोहल्ला हरीपुरा में स्थित घाटे वाले हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास दिलीप कुमार दीक्षित ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। कंस की कारागार में वासुदेव-देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। कृष्ण जन्म की खुशी में कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया और भक्तों ने नाच कूदकर नंदोत्सव मनाया। श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया गया तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमने लगे। इस मौके पर पवन याज्ञिक, संतोष, श्याम पेंटर, कुंती, ममता बाथम, प्रतिभा, मुन्नी, बबली, आशा, नैन्सी, कुसमा, राजो, ऊषा, रजनी, राजकुमार, गजेन्द्र, अजय, उमेश, विनोद आदि भक्त मौजूद रहे।

# खलिहान की जमीन पर खेल मैदान बनाने की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** खलिहान की जमीन पर खेल मैदान बनाने की मांग को लेकर ग्रामीण ने डीएम को शिकायती पत्र भेजा है। उन्होंने युवाओं के हित को देखते हुए खेल का मैदान विकसित कराने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर ने डीएम राजेश पांडेय को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि ग्राम पंचायत कुठौंदा बुजुर्ग में गाटा संख्या 291 वर्तमान में खलिहान के रूप में दर्ज है। शासन की मंशा के अनुरूप, ग्राम पंचायत की भूमि प्रबंधक समिति ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर इस भूमि को खेल मैदान और ओपन जिम विकसित करने के लिए प्रस्तावित किया है। ग्राम प्रधान द्वारा इस संबंध में श्रेणी परिवर्तन का प्रस्ताव काफी समय पहले एसडीएम कार्यालय को भेजा जा चुका है। अभी तक यह प्रक्रिया पूर्ण न होने के कारण खेल मैदान का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इससे गांव के युवाओं को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने डीएम से मांग करते हुए कहा कि इस पर त्वरित कार्यवाही कर बीबी रामजी आदि योजना के माध्यम से उपरोक्त स्थल पर खेल मैदान और ओपन जिम का निर्माण कराया जाए।

# अगर एफआईआर दर्ज न हुई तो पुन: आंदोलन करेंगे व्यापारी

## मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मरीज और तीमारदारों की जूनियर डॉक्टरों द्वारा की गई निर्मम पिटाई तथा पीड़ित पक्ष के खिलाफ ही एफआईआर करा देने का मामला बुधवार को जिले में विस्फोटक रूप ले गया





- एसपी विनय कुमार सिंह के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर भाजपाई कर रहे हैं कार्यवाही का इंतजार
- भाजपा में यदि गुटबाजी न होती तो पार्टी को ऐसी शर्मनाक स्थिति का सामना भी ना करना पड़ता
- धरना स्थल पर पहुंचे एसपी विनय कुमार सिंह ने न्यायोचित कार्यवाही का दिया आश्वासन, तब विसर्जित धरना
- पूरे बुंदेलखंड से आए थे व्यापारी नेता
- सिटी सेंटर से एकत्र हुए व्यापारी बड़ी संख्या में महिलाएं, मानवाधिकार संगठन तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग बड़ी संख्या में घण्टा घर चौराहे पर पहुंच गए

### पुलिस पूरी तरह से चाक चौबंद होकर मुख्य मार्गों और धरना स्थल पर डटी रही

**घण्टा घर पर टैंट लगा कर आंदोलित व्यापारी वहीं धरना देकर डट गए जिसके फलस्वरूप उरई का मैन रोड पूरी तरह से जाम हो गया**

**बाजार रहा बन्द, कूलर और एसी से इस भीषण गर्मी में बाहर न निकलने वाली बड़े घरों की महिलाएं बड़ी संख्या में घण्टा घर के धरने में सारा दिन बेहद कड़ी धूप से**

**भाजपा की जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका उरई के प्रतिनिधि विजय चौधरी सहित अनेक सामाजिक नेताओं एवम अन्य राजनैतिक दलों के नेताओं ने व्यापारियों के आंदोलन को खुला समर्थन दिया**

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** उरई स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में भाजपा नेता एवं व्यापारी बुजकिशोर गुप्ता और उनके बेटे के साथ कथित मारपीट का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के विरोध में बुधवार को शहर के व्यापारियों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। व्यापारिक संगठनों और महिला संगठनों के आह्वान पर शहर के प्रमुख बाजार बंद रहे और बड़ी संख्या में व्यापारी घंटाघर चौराहे पर एकत्र होकर मेडिकल कॉलेज प्रशासन और आरोपित डॉक्टरों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान मुख्य बाजारों में जाम जैसी स्थिति बन गई, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। व्यापारियों का आरोप है कि मेडिकल कॉलेज में भाजपा नेता और उनके बेटे के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की गई, लेकिन उनकी शिकायत पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं दूसरी ओर डॉक्टरों की तहरीर पर उरई कोतवाली पुलिस ने भाजपा नेता और उनके बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया, जिससे व्यापारियों में नाराजगी और बढ़ गई।

प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि दोषी डॉक्टरों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए घंटाघर चौराहे और आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। मौके पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार सिंह और सीओ राजीव शर्मा ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराने का प्रयास किया। बाद में पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह भी धरना स्थल पहुंचे और व्यापारियों से वार्ता की। एसपी ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए कहा कि कानून सभी के लिए समान है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। इस पूरे मामले ने राजनीतिक रंग भी पकड़ लिया है। विधायक गौरीशंकर वर्मा ने वीडियो बयान जारी कर मेडिकल कॉलेज में हुई कथित मारपीट की निंदा करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो मामला मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा।

फिलहाल पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद व्यापारियों ने धरना समाप्त कर दिया है, लेकिन शहर में इस मुद्दे को लेकर आक्रोश अभी भी बना हुआ है। व्यापारी संगठनों ने साफ कर दिया है कि यदि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में फिर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# लखनऊ में अधिवक्ताओं के चेंबर तोड़े जाने और पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के विरोध में डिस्ट्रिक्ट जालौन बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा

-घटना के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया

-एडवोकेट सदस्य बार संघ चौधरी जय करन सिंह ने प्रदर्शन में लिया बढ़ चढ़ का हिस्सा



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** लखनऊ में अधिवक्ताओं के चेंबर तोड़े जाने और पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के विरोध में डिस्ट्रिक्ट जालौन बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का ग़ुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने जिला जजी के बाहर सड़क जाम कर प्रदर्शन करते हुए घटना के दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई।

प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अधिवक्ताओं द्वारा किए जा रहे आंदोलन के समर्थन में जनपद जालौन के अधिवक्ता भी आंदोलन की राह पर उतर आए हैं। अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित की और सरकार से अधिवक्ताओं की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। जनपद मुख्यालय उरई सहित विभिन्न तहसीलों के अधिवक्ताओं ने बार संघ के नेतृत्व में बैठक आयोजित की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ताओं की समस्याओं का लंबे समय से समाधान नहीं किया जा रहा है, जिससे वकीलों में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। अधिवक्ताओं ने सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने, चैम्बर, पुस्तकालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करने तथा लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे और एक स्वर में आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# शैक्षिक महासंघ की बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर मंथन, अर्जित अवकाश और पुरानी पेंशन का मुद्दा उठा

- अगस्त में शिक्षक सम्मान समारोह और महासंघ की आमसभा आयोजित करने की बनी रूपरेखा



( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शाखा जालौन की नगर क्षेत्र इकाई उरई द्वारा बुधवार को नगर शिक्षा संसाधन केंद्र परिसर में संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री प्रदीप तिवारी ने की। इसमें प्राथमिक, एडेड, कस्तूरबा और समाज कल्याण संवर्ग के शिक्षकों की समस्याओं और उनके समाधान पर व्यापक चर्चा की गई।

बैठक का संचालन अरविंद कुमार स्वर्णकार ने किया। उन्होंने परिषदीय, एडेड, समाज कल्याण एवं कस्तूरबा विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को भारत सरकार के विद्यालयों के समान अर्जित अवकाश दिए जाने की मांग उठाई। इस संबंध में प्रस्ताव सदन में रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें नामित किया गया। एडेड संवर्ग के जिलाध्यक्ष उपेंद्र शर्मा ने मानव संपदा पोर्टल से जुड़ने के बाद भी शिक्षकों के सेवा संबंधी कार्य ऑफलाइन कराए जाने को लेकर शोषण का मुद्दा उठाया। वहीं शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष इंद्रजीत विश्वकर्मा ने शिक्षामित्रों के साथ भेदभाव, सेवा शर्तों में असमानता और सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं। इस पर सदन ने बेसिक शिक्षा मंत्री व सचिव को ज्ञापन भेजने का निर्णय लिया। समाज कल्याण संवर्ग के महामंत्री कृष्ण कुमार स्वर्णकार ने पुरानी पेंशन बहाली और चिकित्सकीय अवकाश जैसी समस्याओं को उठाया। वहीं प्राथमिक संवर्ग के पदाधिकारियों ने खंड शिक्षा अधिकारी स्तर पर शिक्षकों के उत्पीड़न से जुड़े प्रकरण रखे। प्रदेश महामंत्री प्रदीप तिवारी ने संगठन को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए अगस्त 2026 में व्यापक कार्यक्रम, आमसभा और शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित करने की कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किए जाने की बात भी कही। बैठक में अरविंद कुमार स्वर्णकार, संतोष विश्वकर्मा, चंद्रपाल, आशीष कुमार, पवन कुमार सोनी, कृष्ण कुमार स्वर्णकार, इंद्रजीत विश्वकर्मा, वृंदावन त्रिपाठी, उपेंद्र शर्मा, धीरेन्द्र त्रिपाठी, अरविंद कुमार निरंजन सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन 22 मई को

## विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार आयोजित होगा किसान दिवस

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** उप कृषि निदेशक एस. के. उत्तम ने बताया कि मुख्य सचिव महोदय, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के शासनादेश 15.11.2019 एवं अपर मुख्य सचिव (कृषि), उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के शासनादेश दिनांक 13.10.2022 के क्रम में 22 मई 2026 दिन शुक्रवार को दोपहर 12:30 बजे विकास भवन, उरई में स्थित रानी लक्ष्मी बाई सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 'किसान दिवस' की बैठक आहूत की गयी हैं, जिसमें कृषि एवं सिंचाई क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक विभाग के समस्त अधिकारियों से उक्त आहूत बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की जाती है। साथ ही बैठक में जनपद के कृषि प्रतिनिधियों, प्रगतिशील कृषकों को भी आमंत्रित किया जाता है।

# केन्द्र सरकार की नीतियों के विरोध में बहुजन मुक्ति पार्टी ने दिया धरना

## राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** केन्द्र सरकार की नीतियों के विरोध में बहुजन मुक्ति पार्टी के दर्जनों नेताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना दिया बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को भेंट किया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से रामबाबू चौधरी जिलाध्यक्ष बहुजन मुक्ति पार्टी, धर्मेंद्र कुमार जिलाध्यक्ष भारत क्रांति मोर्चा,

आर.बी. कुशवाहा राष्ट्रीय पिछडा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष, एल. आर. अटल मूल निवासी संघ मंडल अध्यक्ष,बहुजन मुक्ति पार्टी मुस्लिम मोर्चा जिलाध्यक्ष, सुरेन्द्र पाल सिंह बारा,जानकी, पाननकुंवर, रोहिनी कुमार रगेदा, सीपी, सत्यनारायण, मूलनिवासी संत समाज जिलाध्यक्ष आर.के. साहिब, पिंकी गौतम बहुजन मुक्ति पार्टी महिला अध्यक्ष, मंगल सिंह रेवा आदि ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेंट करते हुए बताया कि बहुजन मुक्ति मोर्चा द्वारा केन्द्र सरकार की ग़लत नीतियों के विरोध में तीन चरणों में देश के 625 जिलों में राष्ट्रब्यापी आंदोलन जिलाधिकारी कार्यालय पर किया जा रहा है जिसके तहत केंद्र सरकार द्वारा महंगाई, बेरोजगारी प्रतिदिन निर्माण की जा रही है जबकि स्मार्ट मीटर के द्वारा अधिकतम बिजली बिल उपभोक्ताओं पर थोपा जा रहा है। संगठन के नेताओं ने कहा कि महंगे घरेलू गैस और कामर्शियल गैस एवं महंगें पेट्रोल डीजल ने देश के बहुजन समाज के लोगों की आर्थिक कमर तोड़ने का सुनियोजित षड़यंत्र केन्द्र सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही ज्ञापन में 12 सूत्रीय मांगों को भी शामिल किया गया है।

# जनहित में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, प्रभारी मंत्री ने विकास योजनाओं और कानून-व्यवस्था की समीक्षा में अधिकारियों को दिए निर्देश

## पीएम सूर्य घर योजना से लेकर आवास, पेंशन, आयुष्मान और फैमिली आईडी अभियान तक हर योजना की हुई गहन समीक्षा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कानून-व्यवस्था की व्यापक समीक्षा बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मा0 प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से पहुँचना सुनिश्चित किया जाए।मा0 प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, पोषण, पेंशन और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था का अंतिम उद्देश्य आमजन को राहत देना होना चाहिए। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना को जनआंदोलन के रूप में संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि नगर निकायों में वार्डवार अभियान चलाकर प्रत्येक वार्ड को संतृप्त किया जाए, ताकि अधिकाधिक परिवारों को सौर ऊर्जा योजना का लाभ मिल सके। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि किसानों को समय से खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए तथा खरीद केंद्रों और कृषि केंद्रों पर पेयजल, छाया एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित रहें। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा में प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर डॉक्टरों के माध्यम से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएं तथा मौके पर ही पेंशन आवेदन भरवाकर पात्र दिव्यांगजनों को लाभांवित किया जाए। उन्होंने दिव्यांग पेंशन योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी विशेष जोर दिया। फैमिली आईडी अभियान की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने सभी खंड विकास अधिकारियों, अधिशासी अधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष कैंप लगाकर लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अभियान में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि लाभार्थियों का चयन पूरी पारदर्शिता और निर्धारित मानकों के आधार पर किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी अपात्र व्यक्ति योजना का लाभ न पाए और कोई भी पात्र परिवार सूची से वंचित न रह जाए। चिकित्सा विभाग को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र लोगों का त्वरित पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा मरीजों को समयबद्ध उपचार देने के निर्देश दिए गए। समाज कल्याण विभाग को सभी पेंशन योजनाओं में पात्रता की शुद्धता सुनिश्चित करने तथा समय से भुगतान कराने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 72 घंटे के भीतर खराब ट्रांसफार्मर बदले जाएं तथा किसानों को 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाएं। मा0 प्रभारी मंत्री जी ने यह भी निर्देश दिए कि सभी पूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया जाए, जिससे जनभागीदारी और पारदर्शिता को बढ़ावा मिल सके। इस अवसर पर एमएलसी रमा निरंजन, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, कालपी विधायक के प्रतिनिधि आशुतोष चतुर्वेदी, एमएलसी शिक्षक के प्रतिनिधि मयंक त्रिपाठी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, डीसी मनरेगा रामेंद्र सिंह, बीजेपी जिलाध्यक्षा उर्विजा दीक्षित सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी से आम जनजीवन बेहाल

## नो तपा से पहले ही हो गई दस तपा की स्थिति

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनजीवन अस्त-व्यस्त जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग घरों में रहने को मजबूर हैं। दोपहर के समय बाजारों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है।तापमान लगातार बढ़ने से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पतालों में गर्मी से संबंधित बीमारियों जैसे लू, डिहाइड्रेशन और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। वहीं पशु-पक्षी भी भीषण गर्मी से बेहाल हैं और पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते दिखाई दे रहे हैं। गर्मी के कारण किसानों और मजदूरों के कामकाज पर भी असर पड़ा है। लोग आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। चिकित्सकों ने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, धूप में निकलने से बचने तथा हल्के कपड़े पहनने की सलाह दी है।प्रशासन ने भी नागरिकों से सावधानी बरतने और लू से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की है।

# उरई में सजा खुशियों का मेला, बच्चों की खिलखिलाहट और रंग-बिरंगी रोशनी के बीच प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ

## झूले, खिलौने, आइसक्रीम और खरीदारी से गुलजार हुआ पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रदर्शनी मेला

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार ने नगर पालिका परिषद उरई के सामने आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रदर्शनी एवं मेले का फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया। शुभारंभ के साथ ही पूरा मेला परिसर रंग-बिरंगी रोशनी, बच्चों की चहल-पहल और लोगों की भारी भीड़ से गुलजार हो उठा। मेले में बच्चों के लिए लगे बड़े व छोटे झूले, खिलौनों की दुकानें, चाट-पकौड़ी, आइसक्रीम और मिठाइयों के स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। मा0 प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार ने मेले का भ्रमण कर विभिन्न दुकानों और झूलों का अवलोकन किया तथा कहा कि इस प्रकार के मेले हमारी सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक मेलजोल का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि मेले केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि स्थानीय व्यापारियों और छोटे दुकानदारों के लिए रोजगार का भी बड़ा अवसर होते हैं। मेले में दूर-दूर से आए दुकानदारों ने अपने आकर्षक स्टॉल सजाए, जहां घरेलू सामान, कपड़े, खिलौने, सजावटी वस्तुएं और खानपान की विभिन्न दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ी रही। इस अवसर पर माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, संजीव उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# उरई मेडिकल कॉलेज में बवाल के मामले में फोर्ड का फूटा गुस्सा, दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज उरई में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के साथ कथित मारपीट और इमरजेंसी वार्ड में हुई तोड़फोड़ की घटना को लेकर फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोर्ड) ने कड़ा रुख अपनाया है। देशभर के 50 हजार से अधिक रेजिडेंट डॉक्टरों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन ने उत्तर प्रदेश सरकार से तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है।

फोर्ड ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई है। संगठन का कहना है कि डॉक्टरों के साथ बढ़ती हिंसा स्वास्थ्य सेवाओं के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है।



### इमरजेंसी वार्ड में तोड़फोड़, सेवाएं प्रभावित

फोर्ड के अध्यक्ष डॉ. देवांशी कोल, महासचिव डॉ. मीत घोनिया और डॉ. सारदा प्रसाद द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि 18 और 19 मई की रात उरई मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी कर रहे डॉक्टर पर कथित रूप से राजनीतिक संरक्षण प्राप्त भीड़ ने हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने न केवल डॉक्टर के साथ मारपीट की, बल्कि इमरजेंसी वार्ड में जमकर तोड़फोड़ भी की।

इस घटना के चलते अस्पताल की आपातकालीन सेवाएं बाधित हो गईं, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ गई। फोर्ड ने कहा कि ऐसी घटनाएं डॉक्टरों के मनोबल को तोड़ती हैं और स्वास्थ्य व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं।

### निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग

संगठन ने मांग की है कि घटना में शामिल सभी आरोपियों को बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के तुरंत गिरफ्तार किया जाए। साथ ही गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज उरई की ओर से यूपी मेडिकेयर वायलेंस प्रिवेंशन एक्ट और भारतीय न्याय संहिता के तहत संस्थागत एफआईआर दर्ज कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कराई जाए।

फोर्ड ने घायलों को उचित मुआवजा और कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग की है। संगठन का कहना है कि यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो डॉक्टरों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर असर पड़ सकता है।

# लखनऊ की घटना से नाराज वकीलों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** बीती 17 मई को लखनऊ में कोर्ट के निकट बुलडोजर कार्रवाई तथा अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज का मुद्दा गरमाता जा रहा है। बुधवार को स्थानीय वकीलों ने उक्त घटना पर नाराजगी जताते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर विरोध जताया है।



बुधवार को तहसील परिसर में अधिवक्ता एकत्रित हुए बार संघ एसोसिएशन कालपी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया है कि हम सभी अधिवक्ता एसोसिएशन कालपी जालौन अधिवक्ता एसोसिएशन के आवाहन पर लखनऊ में अधिवक्ता साथियों पर पुलिस लाठी चार्ज का विरोध करते हैं। दोषियों के विरुद्ध अविलंब कार्यवाही की जाए। इस मौके पर राकेश द्विवेदी, अपूर्व शरद श्रीवास्तव, आशीष गुप्ता, जयवीर सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार तिवारी, गोलू श्रीवास्तव एडवोकेट, रविंद्र श्रीवास्तव आदि भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने विरोध प्रकट करते हुए लखनऊ में वकीलों के ऊपर पुलिसिया कार्रवाई पर नाराजगी जताई है।

# सतचंडी महायज्ञ में धनुषयज्ञ लीला का मंचन

## भक्तो ने देर रात तक लिया लीला का आनंद

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम जुझारपुरा में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ पाठ 51 कुंडीय सतचंडी महायज्ञ एवं रामलीला महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार देर रात धनुष यज्ञ लीला का शानदार मंचन किया गया। रामलीला के मंचन को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु पहुंचे। कलाकारों के मनमोहन अभिनय और संवादों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा।धनुष यज्ञ लीला में भगवान राम की भूमिका धर्मेंद्र तोमर ने निभाई, जबकि लक्ष्मण के रूप में गोविंद नारायण ने प्रभावशाली अभिनय किया। माता सीता की भूमिका अंजू ने निभाई। रावण का अभिनय ठाकुर कमल सिंह ने प्रस्तुत किया, वहीं बाणासुर की भूमिका कमलेश ने निभाई। राजा जनक के रूप में वीरेंद्र त्रिपाठी मंच पर नजर आए। कथा व्यास की भूमिका मनोज कुमार ने निभाई।रामलीला मंचन के दौरान भगवान राम द्वारा शिव पिनाक तोड़ने का दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। आयोजन स्थल पर चल रहे भंडारे में श्रद्धालुओं ने छककर प्रसाद ग्रहण किया।भंडारे की व्यवस्था में रामलला जुझारपुरा, राघवेंद्र तिवारी चमेड, आशीष पटेल, हल्के निरंजन कोंच, गोपाल जी, रामकरन कुशवाहा, अंकुर सहित कई लोग लगे रहे।इस अवसर पर श्री श्री 1008 महंत उद्धावदास जी महाराज मिहोनी धाम माता मंदिर मऊ उपस्थित रहे। आयोजक समिति ने बताया कि आगामी दिनों में रामलीला और धार्मिक कार्यक्रमों का क्रम लगातार जारी रहेगा।

# संघ ने खेलो का आयोजन कर स्वयंसेवको को अनुशासन एवं टीम भावना का संदेश दिया

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने धनुतालाब के मैदान में 'बड़े खेल' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन में संघ के स्वयंसेवकों के साथ नगर के कई बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक हिसासेदारी की।संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, साहस, धैर्य और शारीरिक क्षमता का विकास करना रहा। मैदान में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए विशेष अभ्यास कराए गए। बच्चों को आग जैसी परिस्थितियों से सुरक्षित निकलने, ऊंचे स्थानों से बचाव करने, बाधाओं को पार करने और कठिन हालात में मानसिक संतुलन बनाए रखने के तरीके बताए गए। खेलों के माध्यम से उन्हें टीम भावना, आत्मविश्वास और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने का भी प्रशिक्षण दिया गया।





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह ऋषभ गिरवासिया ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में धैर्य और मनोबल को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों और युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत होने के साथ मानसिक रूप से भी सक्षम बनाना जरूरी है। इसी सोच के साथ बड़े स्तर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, ताकि युवा हर चुनौती का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय भावना जागृत करने, अनुशासन विकसित करने और शारीरिक शक्ति बढ़ाने के उद्देश्य से बड़े खेल का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बच्चों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर आरएसएस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें विद्यार्थी कार्य प्रमुख झांसी विभाग अकिंचन भार्गव, नगर प्रचारक शुभम, अन्नू गलहोत, सचिन सोनी, सुमित, कपिल शांडिल्य, प्रियांशु, खेमराज, शिवम लखेरा सहित तमाम स्वयंसेवक मौजूद रहे। आयोजन का समापन देशभक्ति और अनुशासन के संदेश के साथ हुआ।

# हाईवे में ड्राइवरों तथा राहगीरों को राष्ट्रीय राजमार्ग संस्था के कर्मचारियों ने ओआरएस का घोल बांटकर किया जागरूक

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** लगातार बढ़ रही थी गर्मी एवं लू को दृष्टिगत में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग संस्था के कर्मचारियों के द्वारा मानवतावादी दृष्टिकोण अपनाने के लिए सड़क में उतर पड़े है। राष्ट्रीय राजमार्ग इंफ्रास्ट्रक्चर के परियोजना प्रमुख उत्तम सिंह की अगुवाई में हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों को ओआरएस का घोल तथा शीतल जल वितरित करके गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम उरई - बारा परियोजना टीम के द्वारा हीट वेव अलर्ट को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुजरने वाले वाहन चालकों एवं टोल प्लाजा स्टाफ को ओआरएस घोल वितरित कर जागरूक किया। प्रबंधक इंग्लेश शर्मा, अभिषेक पाराशर, के मुताबिक भीषण गर्मी के मौसम में चालकों तथा राहगीरों को अधिक पानी पीने की सलाह दी।

# बसपा सुप्रीमो ने लालाराम अहिरवार को झांसी-कानपुर मंडल का प्रभारी नियुक्त किया

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती द्वारा झांसी क्षेत्र के वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता लालाराम अहिरवार को झांसी-कानपुर मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई है। बताते चलें कि लालाराम अहिरवार लंबे समय से झांसी -चित्रकूट मंडल के प्रभारी रहते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, कार्यशैली और जनसंपर्क को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

नियुक्ति की घोषणा के बाद समर्थकों और पार्टी पदाधिकारियों ने लालाराम अहिरवार को बधाई दी तथा विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में झांसी और कानपुर मंडल में पार्टी संगठन और अधिक मजबूत होगा। इस अवसर पर लालाराम अहिरवार ने पार्टी सुप्रीमो मायावती का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे

# कोतवाली जालौन और थाना डाकोर की पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** । पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन में अपराध एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली जालौन और थाना डकोर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में धर्मेंद्र विश्वकर्मा निवासी मोहल्ला चिमनदुवे कस्बा जालौन, सुनील उर्फ झिंगा निवासी ग्राम औरेखी, थाना व जिला जालौन, रवि पुत्र हरनारायण निवासी ग्राम जैसारीकला थाना डकोर तथा पुष्पेंद्र पुत्र रामसरन निवासी ग्राम जैसारीकला थाना डकोर शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में अपराधियों एवं वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की सक्रियता की सराहना की है।

# 15 क्वार्टर अवैध देसी शराब बेचते हुए युवक गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुसमरा में एक व्यक्ति के द्वारा अवैध शराब बेचे जाने पर उसे गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त मामले को लेकर दिनांक 19.05.2026 को पुलिस टीम अनुपम मिश्रा, हमराही रविंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, कैलाश कुमार, रुपेश कुमार, अंकित कुमार, सरकारी जीप से चौकी क्षेत्र अंतर्गत रात्रि गस्त व चेकिंग करने वाहन से रवाना होकर ग्राम कुसमरा पहुंचे वहां मुखबिर की सूचना मिली की आरोपी गुलाब सिंह अपने घर पर अवैध शराब की बिक्री कर रहा है यदि जल्दी की जाए तो पकड़ा जा सकता है मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम कुसमरा गांव पहुंची। मुखबिर को साथ लेकर उसके बताए गए स्थान पर पहुंचे कुछ दूर पहले मुखबिर ने गाड़ी रुकवा कर इशारा किया कि जो व्यक्ति चारपाई पर बैठा है। वही वह व्यक्ति है तथा पास जो थैला है उसी में अवैध शराब रखी है और मुखबिर चला गया। पुलिस टीम ने एक बारगी दविश देकर घेरकर उस व्यक्ति को मौके पर ही पकड़ लिया नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गई तो अपना नाम गुलाब सिंह पुत्र रामेश्वर सिंह निवासी ग्राम कुसमरा थाना आटा जनपद जालौन उम्र करीब 55 वर्ष बताई जामा तलाशी में हाथ में लिए बोरी में 15 अदद क्वार्टर ट्विन टावर तीव्रता 36 डिग्री 200 मिलीलीटर मूल्य 80 रुपए लिखा था। शराब रखने का लाइसेंस तलब किया तो दिखाने से मना किया। उसका यह जुर्म धारा 60 एक्ट का दंडनीय अपराध है आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर जेल भेज दिया।

# बाइक की टक्कर से अवोध बालिका घायल

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय नगर के मोहल्ला आलमपुर की सड़क में बेकाबू मोटरसाइकिल की टक्कर से 5 वर्षीय बालिका घायल हो गयी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्थानीय नगर के आलमपुर मारवाड़ी कुइया निवासी आशीष यादव की पांच वर्षीय पुत्री वैष्णवी अपने घर के बाहर सड़क पार कर रही थी। शाम लगभग 5 बजे शराब के नशे धुत्त तीव्र गति स्पलेंडर सवार तीन व्यक्ति कांशीराम कालौनी से बाजार की ओर जा रहे थे। मोटरसाइकिल ने अनियंत्रित होकर अबोध बालिका को टक्कर मार कर भाग गए। घटना की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मोटरसाइकिल सवार की पहचान कर ली गई है । पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा की भव्य कलश यात्रा पर ग्रामीणों ने बरसाये फूल

## गाजे बाजे के साथ निकली कलश शोभा यात्रा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई कार्यालय ( जालौन )** परम पूजनीय गुरुदेव अगवान श्री मनीषानंन्दन जी महाराज वृंदावन धाम के असीम कृपा से माधौगढ़ बिरिया में भव्य कलश यात्रा निकाली कथा स्थल स्थानीय सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी धर्म कांटा के बगल में राम जानकी मन्दिर बालाजी जी महाराज व मातारानी की अनुकम्पा से श्री मद भागवत कथा को लेकर विशाल कलश शोभायात्रा गाजे बाजे डीजे के साथ बड़ी धूम धाम के साथ प्रारंभ हुई यह शोभा यात्रा माधौगढ से मुख्य सड़कों पर होती हुई ग्राम बिरिया गांव में पहुंची इस शोभा यात्रा में समस्त मन्दिरो के दर्शन.पूजा अर्चना कि बड़ी संख्या में महिलाए पुरूष युवतियाँ ने अपने सिर पर कलश रखकर आगे आगे चल रही थी इस शोभा यात्रा में कथावाचक पंडित श्री सक्षम कृष्ण महाराज वृंदावन धाम के मुखारविंदों से कथा का शुभारंभ भी किया जगह-जगह पुष्प वर्षा कि गई एवं यात्रा मार्ग में शीतल जल व पेय पदार्थ की व्यवस्था रही डीजे पर बज रहे भजनों पर युवा और बच्चों ने जयकारे लगाते हुए नित्य किया सबसे आगे श्रीमद् भागवत कथा के पारीक्षित रिटायर्ड प्रधान अध्यापक श्री मती उषा देवी धर्मपत्नी रिटायर्ड ऐडीओ देवेन्द्र सिंह राजावत श्रीमद् भागवत पुराण को सिर पर रखकर चल रहे है 26 तारीख को पूर्ण आहुति एवं विशाल भंडारा मौके पर भाई वीरेंद्र सिंह राजावत पत्नी मुन्नी देवी धीरेंद्र सिंह राजावत पत्नी मुन्नी देवी पुत्र मानवेंद्र सिंह रजावत पत्नी रीता देवी आलोक कुमार सिंह राजावत ( गोलू ) पत्नी रानू देवी रामगोपाल सिंह भदोरिया पत्नी सत्यवती देवी मोहित सिंह तोमर पत्नी अल्का सिंह उर्फ ( गोल्डी ) कविता देवी राम देवी शकुंतला देवी ग्राम प्रधान हरि गोविंद शिवराज सिह चौहान अजय प्रताप सिंह जितेंद्र कुमार राठौर गुड्डी राठौर राम जी याज्ञिक बृजेश कुमार पाल नाती मन्नत उमंग उन्नति परी सहित ग्रामवासी क्षेत्रवासी नगर वासी अदि मौजूद रहे

# भाषाई संस्कृति से निखर रहा छात्रों का व्यक्तित्व

## भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों ने सीखी भाषाएं, लोक संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियां

( यंग भारत न्यूज )



**डकोर,जालौन ।** प्राथमिक विद्यालय मौखरी में 13 से 19 मई तक भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को मातृभाषा के साथ अन्य भारतीय भाषाओं, बोलियों और सांस्कृतिक विविधताओं से परिचित कराना रहा। शिविर के पहले दिन भाषा परिचय और अभिवादन से शुरुआत हुई। इसके बाद वर्णमाला, संख्या ज्ञान, कहानी लेखन, दैनिक संवाद, लोकगीत, लोकनृत्य, सांस्कृतिक गतिविधियां और मिट्टी कला कार्यशाला आयोजित की गई। समापन अवसर पर बच्चों को प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में भाषा सीखने के खेल, सांकेतिक भाषा, कविता पाठ, नुक्कड़ नाटक, वन संरक्षण, विविधता में एकता, पारंपरिक वेशभूषा और कला-शिल्प जैसी गतिविधियां भी कराई गईं। शिक्षकों ने बताया कि इससे बच्चों में कल्पनाशक्ति, संवाद क्षमता और मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रधानाध्यापिका डॉ. ममता स्वर्णकार ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के व्यक्तित्व, मानसिक और शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन के प्रति आभार जताया। शिविर में यशवेंद्र,लक्ष्मी,पवन,नैतिक,अमंश,वीर,पायल, मोहिनी, कार्तिक, राजकुमार,आजाद,आस्था,शिवानी,रक्षा,अनुष्का,सचिन,अभय,दिव्यांश,लक्ष्य,नैंसी,निकिता और आरव समेत कई बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन निधि गुप्ता, रीता साहू और सृष्टि गौतम ने किया।

# पापा, ये लोग मुझे मार रहे हैं...' बेटी ने रोते हुए किया फोन!

## -पल भर बाद तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दी गई दीपिका, फॉर्च्यूनर और 51 लाख की भेंट चढ़ी एक और लड़की



( यंग भारत न्यूज )

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जलपुरा इलाके से दहेज उत्पीड़न और संदिग्ध मौत का एक बेहद दुखद और सनसनीखेज मामला सामने आया है। शादी के महज 18 महीने बाद, 24 वर्षीय बी.एड (क्चश्वस्र) पास महिला दीपिका नागर की रविवार को अपने ससुराल की तीसरी मंजिल की छत से गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश कर रहा है, जबकि मृतका के पिता ने पति और ससुराल वालों पर बेरहमी से हत्या कर शव को नीचे फेंकने का सीधा आरोप लगाया है। सोमवार सुबह इकोटेक-3 कोतवाली में एफआईआर दर्ज होने के तुरंत बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतका के पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली जल बोर्ड में कार्यरत मृतका के पिता संजय नागर के अनुसार, 11 दिसंबर 2024 को शादी होने के बाद से ही दीपिका को ससुराल में लगातार प्रताड़ित और अपमानित किया जा रहा था। रविवार को मौत से कुछ घंटे पहले दोपहर करीब 12 बजे दीपिका ने रोते हुए अपने पिता को फोन किया था और बताया था कि अतिरिक्त दहेज को लेकर ससुराल वाले उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। मामला शांत कराने की कोशिश: बेटी का रोता हुआ फोन आने के बाद पिता संजय अपने जीजा बाबू प्रधान के साथ दोपहर में ही जलपुरा स्थित बेटी के ससुराल पहुँचे, लेकिन वहां ससुराल वालों ने उनके साथ बेहद बदसलूकी की। शाम को फिर गए परिजन: मामले को शांत कराने के लिए परिवार के अन्य सदस्य शाम करीब 7 बजे दोबारा दीपिका के ससुराल गए। उनके लौटने के कुछ ही घंटों बाद उन्हें फोन पर सूचना मिली कि दीपिका छत से गिर गई है और उसे अस्पताल ले जाया जा रहा है। रात करीब 12:30 बजे डॉक्टरों ने दीपिका को मृत घोषित कर दिया। संजय ने दावा किया कि शादी के दौरान कन्यादान और लगन जैसी विभिन्न रस्मों में दहेज के तौर पर एक स्कॉर्पियो कार, 12 लाख रुपये नकद और सोने के गहने दिए गए थे। हालाँकि, रितिक और उसके परिवार ने एक और टोयोटा फॉर्च्यूनर कार और 51 लाख रुपये नकद की अतिरिक्त मांग की और दीपिका पर लगातार दबाव बनाते रहे, उन्होंने आरोप लगाया। उनकी शिकायत के आधार पर, क्चहृस् की धारा 85 (पति या पति का कोई रिश्तेदार महिला के साथ क्रूरता करता है) और धारा 80(2) (दहेज हत्या), तथा दहेज निषेध अधिनियम, 1961 की धारा 3 और 4 के तहत स्नढ्ढक्रदर्ज की गई। संजय ने स्नढ्ढक्रमें रितिक, उसके पिता मनोज, माँ पूनम, बहनों नेहा और टन्नी, तथा रिश्तेदारों प्रमोद और विनोद के नाम शामिल किए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि दीपिका ने उन्हें बार-बार बताया था कि वह किस तरह के जुल्म सह रही है। हालाँकि, मामले को शांति से सुलझाने की उनकी कोशिशों के बावजूद, हालात और भी बिगड़ते चले गए। संजय ने बताया कि रविवार दोपहर को, जब दीपिका ने उन्हें रोते हुए फ़ोन किया, तो वह और उनके जीजा बाबू प्रधान जलपुरा गए, लेकिन वहाँ दीपिका के ससुराल वालों ने उनके साथ बहुत ही बुरा बर्ताव किया। नागर ने कहा, 'जब मैं घर लौटा, तो मुझे एक फ़ोन आया जिसमें बताया गया कि वह गिर गई है। मैंने पूछा कि क्या वह सीढ़ियों से गिरी है या बाथरूम में, तो उन्होंने कहा कि वह छत से गिरी है और वे उसे अस्पताल ले जा रहे हैं। जब हम शारदा अस्पताल पहुँचे, तो हमने देखा कि उसकी मौत हो चुकी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उसके शरीर पर चोट के कई निशान और ज़ख्म थे, जो शायद पेचकस, चाकू या ब्लेड जैसे हथियारों से किए गए हमलों की वजह से लगे होंगे। ऋतिक के एक रिश्तेदार, जो जलपुरा में ही रहते हैं, ने कहा कि यह मौत बहुत ही संदिग्ध है। उन्होंने कहा, 'अगर यह आत्महत्या होती, तो क्या उसका पति अस्पताल में मौजूद नहीं होता? वहाँ सिर्फ़ उसका ससुर ही मौजूद था। उसकी सास और ननद भी वहाँ नहीं थीं। एक और व्यक्ति ने यह सवाल उठाया कि दीपिका को जलपुरा से 20 किलोमीटर दूर शारदा अस्पताल क्यों ले जाया गया, जबकि उसके ससुराल के सबसे नज़दीक सिर्फ़ 2-3 किलोमीटर की दूरी पर ही यथार्थ अस्पताल मौजूद था। पुलिस ने बताया कि डॉक्टरों ने अभी तक मौत की वजह की पुष्टि नहीं की है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'पोस्टमॉर्टम कर लिया गया है और फ़ॉरेंसिक जाँच के लिए विसरा (अंदरूनी अंग) सुरक्षित रख लिया गया है। मामले की आगे की जाँच अभी जारी है।' दीपिका ने अपनी क्चश्वस्र की पढ़ाई पूरी कर ली थी। उसके पिता दिल्ली जल बोर्ड में काम करते थे। ऋतिक का परिवार उस इलाके में तीन प्राइमरी स्कूल चलाता है।

# पड़ोस के कमरे में थे 2 जवान लड़के, रात के अंधेरे में बाहर निकली खूबसूरत पत्नी; फिर 4 महीने बाद पति ने किया 'कांड'

( यंग भारत न्यूज )



दिल्ली से 100 किलोमीटर से भी कम दूरी पर यूपी के बुलंदशहर जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. अवैध संबंध के शक में बेटे ने पिता के साथ मिलकर बिजली ठेकेदार की हत्या कर दी. युवक को शक था कि उसकी खूबसूरत पत्नी का बिजली ठेकेदार से अवैध संबंध है. एक दिन पति ने बिजली ठेकेदार के कमरे से अपनी पत्नी को निकलते देखा, जिसके बाद उसका शक यकीन में बदल गया. उधर, पत्नी मायके गई और बुलाने पर भी नहीं आई तो शक पुख्ता हो गया. आखिरकार बेटे ने अपने पिता के साथ मिलकर कथित बिजली ठेकेदार प्रेमी को मार डाला.

पूरा मामला बुलंदशहर के सिकंदराबाद इलाके का है. सिकंदराबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर-अधैल में बिजली ठेकेदार का शव बरामद हुआ था. 13 मई, 2026 को ग्रामीणों की सूचना पर शव का बरामद किया गया. काफी मशक्कत के बाद शव की पहचान मुजफ्फरनगर के थाना तितावी क्षेत्र के गांव ढौलड़ी निवासी बिजली ठेकेदार रवित के रूप में हुई थी. पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि रवित को गला घोंटकर हत्या की गई है. इसके बाद तेजी से जांच शुरू की गई. वहीं, शक के आधार पर सिकंदराबाद पुलिस ने पिता और पुत्र को गिरफ्तार कर लिया. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एसएसपी ने बिजली ठेकेदार हत्याकांड का जल्द से जल्द खुलासा करने के लिए थाना पुलिस के साथ स्वाट टीम को लगाया था. जांच की कड़ी में पुलिस ने गांव शेरपुर निवासी रवि भाटी और उसके पुत्र निखिल पर शक गहराया. इसके बाद पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तिल बेगमपुर बम्बे की पटरी से रवि भाटी को गिरफ्तार किया. इसके साथ ही रवि भाटी की निशानदेही पर हत्याकांड में इस्तेमाल चुन्नी बरामद की. इसके बाद पिता रवि भाटी और पुत्र निखिल दोनों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस अधीक्षक नगर ने मीडिया को बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार आरोपित ने बताया कि रवित और उसका भतीजा अनुज उसके पड़ोस के घर में रहते थे. निखिल को शक था कि उसकी पत्नी के रवित और उसके भतीजे के साथ अवैध संबंध हैं. रवि भाटी ने अपनी पत्नी को अनुज से कई बार बात करते हुए देख था. इसको लेकर अपनी पत्नी को टोका भी था, लेकिन वह नहीं मानी. रवि भाटी ने 26 जनवरी, 2026 को अपनी पत्नी को रात के दौरान अनुज के कमरे से निकलते हुए देखा. इसके बाद वह गुस्से से भर गया.

# अगर लड़की वर्जिन है और.. अफगान लड़कियों पर तालिबान के कानून सुन भड़क जाएंगे आप, दुनिया भर में थू-थू

( यंग भारत न्यूज )

अफगानिस्तान में जब तालिबान का कब्जा हुआ तो पूरी दुनिया हैरान रह गई थी। तालिबानी कानून को लेकर वहां के लोग भी डरे हुए थे और लड़कियों और महिलाओं के लिए जो कानून सामने आए हैं जो वो आपका दिल दहलाने के लिए काफी हैं।

इन कानूनों के के बाद मानवाधिकार संगठन भी आवाज उठा रहे हैं। वर्जिन लड़कियों को भी इसमें नहीं छोड़ा गया है। अगर लड़की वर्जिन है और शादी के बारे में पूछने पर वो कुछ नहीं बोलती है तो उसकी चुप्पी को हां माना जाएगा। इसके अलावा भी ढेरों कानून हैं जो कि समझ से परे हैं। नाबालिग की शादी से लेकर मारपीट तक.. ये सुनने के बाद आपको लगेगा कि महिलाओं को वहां इंसान ही नहीं समझा जाता है। इसके पहले घरेलू कानून को लेकर भी तालिबान को पूरी दुनिया में ट्रोल किया गया था।



ये हैं तालिबान के नए कानून

अफगानिस्तान को इंडिया में काफी पसंद किया जाता है लेकिन तालिबानियों के कानून नागवार गुजरने वाले हैं। एक कानून की बात करें तो ये इस प्रकार हैं-

1 - लड़की वर्जिन है और उससे शादी का पूछा जाता है, अगर वो कुछ नहीं कहती है तो उसकी हां मानी जाएगी।

2- लड़की नाबालिग है फिर भी अगर उसके दादा या पिता चाहें तो शादी करवा सकते हैं।

3- अदालत की मंजूरी से ही रद्द हो सकती है ऐसी शादी।

4- अगर पत्नी को पति मारता है तो कार्यवाही इस शर्त पर होगी कि पत्नी के शरीर में कोई घाव हो या फिर हड्डी टूटी हो।

5- 12 साल के बाद कोई लड़की पढ़ाई नहीं कर सकती।

6- पति की इजाजत के बगैर कोई महिला रिश्तेदारों से मिलने जाए तो उसे सजा मिल सकती है।

लोग कर रहे हैं कमेंट्स


इन कानूनों के सामने आने के बाद इंडिया में लोग कई तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, ''शुक्र है हम भारतीय हैं।'' एक ने लिखा, ''नागरिक अधिकारों के लिए बाबासाहेब अंबेडकर को धन्यवाद कहें।'' एक ने लिखा, ''ज़ब भी धर्म हावी हुआ है तो उसका शिकार सबसे पहले महिलाएं हुई हैं।'' एक ने लिखा, ''आधी झूठी खबर है।'' इस तरह से लोग कमेंट्स कर रहे हैं।

# पॉर्न मास्टरमइंड' विकास सिंह के पास मिले 10 हजार अश्लील वीडियो

( यंग भारत न्यूज )

मां-बाप की जिंदगी का सबसे बड़ा सपना होता है कि उनका बेटा पढ़-लिखकर बड़ा आदमी बने. उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के धूमनगंज थाना क्षेत्र के उमरौली इलाके में भी एक ऐसा ही घर था.

पिता ने पाई-पाई जोड़कर बेटे को अच्छे से अच्छे स्कूल में पढ़ाया. लाखों रुपये खर्च किए और प्रयागराज के एक मशहूर कॉलेज में उसका दाखिला कराया. साल 2019 में बेटे ने शान से बीटेक की डिग्री हासिल की. माता-पिता की आंखों में आंसू थे और दिल में यह तसल्ली कि अब बेटा इंजीनियर बन गया है, बड़ी कंपनी में नौकरी करेगा. पिता ने बेटे के हाथ में मोटी-मोटी किताबें और एक महंगा लैपटॉप लाकर रख दिया था ताकि वह नई तकनीक सीख सके. लेकिन उस पिता को शायद दूर-दूर तक इस बात का अंदाजा भी नहीं था कि जिस बेटे के हाथ में उन्होंने किताबें और लैपटॉप दिया है, वही इंटरनेट की अंधेरी गलियों का सबसे बड़ा 'पोर्न मास्टरमाइंड' बन जाएगा. यह कहानी है विकास सिंह की. विकास सिंह किसी से ज्यादा बात नहीं करता था. न ही उसके दोस्त घर आते थे. वह दिन-रात, चौबीसों घंटे अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद रखता था. बाहर बैठे माता-पिता सोचते थे कि बेटा लैपटॉप पर कोडिंग सीख रहा है या नौकरी के लिए इंटरव्यू की तैयारी कर रहा है. लेकिन उस बंद कमरे वह मासूम बच्चों के भविष्य का कत्ल कर रहा था. इंजीनियरिंग की पढ़ाई खत्म होने के बाद विकास सिंह ने साल 2020 से एक बेहद गंदा धंधा शुरू कर दिया था. उसने टेलीग्राम और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया ऐप्स का सहारा लिया और गुप्त तरीके से एक ऐसा नेटवर्क तैयार किया जो सीधे तौर पर नाबालिग बच्चों



को अपना निशाना बना रहा था. इस घिनौने नेटवर्क का पर्दाफाश तब हुआ, जब उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में एक नाबालिग छात्र इसका शिकार बना. इस छात्र का एक बेहद आपत्तिजनक और अश्लील वीडियो इंटरनेट की दुनिया में लीक हो गया. हरदोई के उस मासूम बच्चे को पता भी नहीं था कि उसका वीडियो किसी 'Ddose007.netofficial' और Ddose00|.netALL नाम के टेलीग्राम चैनलों पर अपलोड कर दिया गया है. जब इस बात की भनक पीड़ित पक्ष को लगी, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई. फर इस मामले की एक ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई. ऑनलाइन शिकायत जैसे ही हरदोई पुलिस के पास पहुंची, हड़कंप मच गया. तारीख थी 17 मई 2026. सब इंस्पेक्टर रोशन सिंह की तहरीर पर हरदोई के साइबर थाने में मुकदमा अपराध संख्या दर्ज किया गया और तफ्तीश शुरू की गई. हरदोई के सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने मामले की कमान संभाली और स्वाट, सर्विलांस तथा साइबर सेल की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया. साइबर टीम ने जब उन टेलीग्राम चैनलों की पड़ताल शुरू की, तो उनके होश उड़ गए. यह कोई छोटा-मोटा ग्रुप नहीं था, बल्कि अश्लीलता का एक पूरा साम्राज्य था. विकास सिंह तकनीकी रूप से शातिर और दिमाग का तेज था. उसने इस गंदे धंधे को बकायदा एक कॉर्पोरेट कॉर्पोरेशन की तरह ऑनलाइन बिजनेस मॉडल में बदल दिया था. उसने अपने ग्राहकों के लिए बकायदा 'सब्सक्रिप्शन प्लान' तैयार कर रखे थे.

विकास सिंह के इस अश्लील साम्राज्य के रेट कार्ड कुछ इस तरह थे:

मंथली प्लान (मासिक): ?350

क्वार्टरली प्लान (त्रैमासिक): ?450

हाफ इयरली प्लान (अर्धवार्षिक): ?600

जो भी यूजर इन प्लान्स के हिसाब से पैसे देता था, विकास सिंह उसे अपने बेहद गुप्त और प्राइवेट टेलीग्राम चैनलों का लिंक (एक्सेस) दे देता था. पुलिस ने इस शातिर अपराधी को पकड़ने के लिए एक डिजिटल जाल बिछाया. पुलिस की साइबर टीम ने एक फर्जी आईडी बनाई और मुखबिर के जरिए विकास सिंह के टेलीग्राम चैनल पर मैसेज भेजकर उसका 'प्राइवेट सब्सक्रिप्शन' लेने की इच्छा जताई. पर्दे के पीछे बैठे विकास सिंह को जरा सा भी अंदाजा नहीं था कि इस बार उसका ग्राहक कोई आम नागरिक नहीं, बल्कि खाकी वर्दी वाले हैं. विकास ने हमेशा की तरह मैसेज का जवाब दिया और मंथली प्लान के लिए ?350 की मांग की. पुलिस ने जैसे ही हामी भरी, विकास सिंह ने पैसे ट्रांसफर करने के लिए अपना ओरिजिनल बैंक अकाउंट नंबर और यूपीआई आईडी भेज दी. बस, यही वह पल था जब उस शातिर बीटेक इंजीनियर से अपने जीवन की सबसे बड़ी और आखिरी भूल हो गई. उसका भेजा गया वह बैंक अकाउंट नंबर उसके पूरे डिजिटल साम्राज्य के कफन की कील बन गया.

# बीवी तो बीवी सास भी करती थी दामाद के साथ ये गन्दी हरकत. तंग आकर दामाद ने कर लिया ऐसा कांड हर कोई रह गया हैरान

( यंग भारत न्यूज )



प्रदेश के सहारनपुर से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है. यहां पत्नी और सास ने दामाद का जीना दुश्वार कर रखा था. टॉर्चर की इंतेहां इतनी बढ़ी कि दामाद ने खुदकुशी करना ज्यादा अच्छा समझा. मृतक के परिजनों की तहरीर पर आरोपी पत्नी और सास समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने बताया- श्यामपुरी कॉलोनी में एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक के भाई ने उसकी पत्नी, सास और जान-पहचान वाले एक युवक के खिलाफ कोतवाली मंडी में मुकदमा दर्ज कराया है. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है. जानकारी के मुताबिक, धोबी घाट स्थित श्यामपुरी कॉलोनी निवासी सौरभ पुत्र महावीर की शादी दो जुलाई सन् 2021 को थाना नानौता के मोहल्ला सहगजादज्ञान की निवासी शालू से हुई थी. दोनों का चार साल का एक बेटा भी है. सौरभ के भाई रवि सैनी ने आरोप लगाया कि शादी से पहले शालू का कोतवाली मंडी क्षेत्र के निवासी रोबिन नाम के युवक से जान-पहचान थी. आरोप है कि पत्नी शालू और सास ममतेश ने रोबिन के साथ मिलकर सौरभ पर पांच लाख रुपये देने और संपत्ति बेचकर घर जमाई बनने का दबाव बना रहे थे, जिसका सौरभ विरोध कर रहा था. तीनों आरोपी उसे झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने और जान से मारने की धमकी दे रहे थे. ये खबर आप जस्ट अभी में पढ़ रहे हैं। सौरभ को उसके परिवार से अलग भी कर दिया था. लगातार मानसिक प्रताड़ना और पारिवारिक कलह से परेशान होकर सौरभ ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली. सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव कब्जे में लिया. शुक्रवार देर रात कोतवाली मंडी में मृतक के भाई रवि सैनी ने शालू, उसकी मां और युवक रोबिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई. एसपी सिटी, व्योम बिंदल ने इस मामले के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है. मृतक के भाई की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी गई है.

# दूसरे लड़के के साथ फोटो देख भड़का प्रेमी, प्रेमिका का गला घोंटा, फिर सिर कूचा.लखनऊ में 4 दिन पहले हुई थी सगाई?

( यंग भारत न्यूज )




प्रदेश की लखनऊ पुलिस ने शिवानी सिंह की हत्या की गुत्थी सुलझा दी है. पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है. सगाई के महज चार दिन बाद हुई इस वारदात ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया.पुलिस जांच में सामने आया कि शिवानी की हत्या उसके 7 साल पुराने बॉयफ्रेंड प्रेम कुमार मांझी ने जलन और शक के चलते की थी. आरोपी ने पहले गला घोंटा और फिर सीमेंट की ईंट से सिर कुचकर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी.

पुलिस के मुताबिक, शिवानी सिंह 17 मई की दोपहर करीब 1 बजे घर से ऑफिस जाने के लिए निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी. परिवार ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला. अगले दिन परिजन ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई. इसी बीच सोमवार सुबह सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के जंगल में झाड़ियों के बीच एक युवती का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की तस्वीर परिजनों को दिखाई, जिसके बाद मां गीता ने अपनी बेटी शिवानी के रूप में पहचान की. जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से आरोपी प्रेम कुमार मांझी तक पहुंच बनाई. पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया. प्रेम कुमार मूल रूप से बिहार के छपरा जिले का रहने वाला है और लखनऊ के एल्डिको कॉलोनी में किराए के मकान में रहता था. वह डिलीवरी बॉय का काम करता था. आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह शिवानी के साथ पिछले कई वर्षों से रिश्ते में था. लेकिन पिछले कुछ महीनों से शिवानी अपने ऑफिस के सहकर्मी मनीष के करीब आने लगी थी. दोनों की तस्वीरें और बातचीत देखकर प्रेम कुमार के मन में शक और जलन बढ़ने लगी. इसी गुस्से में उसने हत्या की साजिश रची. रविवार रात वह शिवानी को बाइक पर बैठाकर आवास विकास योजना क्षेत्र के पास जंगल में ले गया. ये खबर आप जस्ट अभी में पढ़ रहे हैं। वहां उसने वाटर लेवलिंग में इस्तेमाल होने वाले रबर पाइप से उसका गला घोंट दिया. हत्या के बाद शव को झाड़ियों में फेंक दिया और पहचान छिपाने के लिए पास पड़ी सीमेंट की ईंट से उसका सिर कुचल दिया. वारदात के बाद उसने शिवानी का मोबाइल तेलीबाग नहर में फेंक दिया. शिवानी अपने मातापिता और छोटी बहन के साथ एल्डिको उद्यान इलाके में रहती थी. परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है. मां घरों में काम करती हैं, जबकि पिता शटरिंग मजदूर हैं. शिवानी नौकरी कर परिवार का सहारा बन रही थी. 14 मई को उसकी प्रकाश नाम के युवक से सगाई हुई थी और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं. घरवालों के मुताबिक, सगाई को लेकर प्रेम कुमार को कोई आपत्ति नहीं थी. उसने वारदात को इसलिए अंजाम दिया, क्योंकि उसे शक हो रहा था कि उनकी बेटी ऑफिस के कर्मचारी के साथ घूमती है.डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद ने बताया कि मामले की जांच के लिए चार टीमों का गठन किया गया था. हत्या में इस्तेमाल की गई सीमेंट की ईंट बरामद कर ली गई है. आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है.

# अकड़ में रहता था पति रोज दिखाता था दादागिरी पत्नी ने मारा ऐसा धोबी पछाड़' और भूला दी चौकड़ी

( यंग भारत न्यूज )

पति परमेश्वर होता है इस कहावत को चूरू की एक महिला ने झुठला दिया है. उसने पति की ज्यादतियों के आगे घुटने टेकने से इनकार करते हुए उसे छोड़ देना ज्यादा उचित समझा. अब उसने अपने पुराने प्रेमी का हाथ थाम लिया है.

वह उसके साथ लिव इन रिलेशन में आ गई. बाद में यह पत्नी अपने नए रिश्ते को सुरक्षित रखने के लिए पुलिस की शरण में पहुंची. उसने पुलिस से सुरक्षा की गुहार की है. इस महिला को आशंका है कि उसका पति उसे और उसके लिव इन पार्टनर को नुकसान पहुंचा सकता है. लिहाजा उन्हें पुलिस सुरक्षा मुहैया करवाए. जानकारी के अनुसार लिव इन रिलेशन का यह मामला चूरू जिले के सुजानगढ़ इलाके से जुड़ा हुआ है. सुजानगढ़ की 24 साल की अनुराधा ने बताया कि उसने पति का साथ छोड़कर अपने प्रेमी का हाथ थाम लिया है. दोनों वर्तमान में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं. लेकिन यह सब उसे मुश्किल हालात में करना पड़ा. अनुराधा ने बताया कि उसका पीहर सुजानगढ़ क्षेत्र में है.



करीब दो वर्ष साल पहले उसकी शादी सांडवा इलाके के पारेवड़ा गांव में हुई थी. अनुराधा ने बताया कि वह इस शादी के लिए तैयार नहीं थी और उसने अपने परिजनों को इसके लिए मना भी किया था. लेकिन इसके बावजूद आटा-साटा प्रथा के तहत उसकी शादी कर दी गई. फिर भी उसने इस रिश्ते को स्वीकार कर लिया और ससुराल चली गई. शादी के बाद उसके एक संतान भी हुई. अनुराधा का आरोप है कि उसने भले ही पति को स्वीकार कर लिया लेकिन उसने उसे दिल से नहीं अपनाया. शादी के बाद उसका पति उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगा. उसका पति खेती-बाड़ी का काम करता है. बकौल अनुराधा वह उसके साथ गाली-गलौज करता था. ताने देता था और शराब पीकर मारपीट भी करता था. इससे वह काफी परेशान हो गई थी. उसने उसे काफी समझाया लेकिन वह नहीं समझा. अनुराधा ने बताया कि वह शादी से पहले से सुजानगढ़ निवासी विनोद को जानती थी. विनोद 29 साल का है. वह विनोद को चाहती थी. बकौल अनुराधा ने उसने अपने घरवालों को विनोद के बारे में बताया भी था. लेकिन उसके बावजूद परिजनों ने आटा-साटा प्रथा के तहत उसकी शादी दूसरी जगह कर दी. इस पर उसने प्रेमी को भुला दिया और नए रिश्ते को स्वीकार कर लिया. शादी के बाद पति ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया. बार-बार कहने के बावजूद वह सुधरा नहीं तो उसने विनोद से संपर्क किया. विनोद ने उसे सहारा और सहानुभूति दी. इससे वह फिर से विनोद के करीब आ गई. बाद में दोनों साथ रहने का फैसला कर लिया. आखिरकार वह पति का घर छोड़कर प्रेमी विनोद के साथ चली आई. वह अपने बच्चे को भी साथ लेकर आई है. उसके बाद दोनों जयपुर और खाटूश्यामजी सहित अन्य स्थानों पर घूमते रहे. लेकिन अनुराधा को इस बात का डर सताने लगा कि कि कहीं उसका पति अब कोई नया बखेड़ा ना खड़ा कर दे. लिहाजा वह पहले से ही अपनी तथा अपने प्रेमी की सुरक्षा को लेकर सजग हो गई और पुलिस की शरण में पहुंच गई. अनुराधा का कहना है कि वह अब शांति से विनोद के साथ ही रहना चाहती है. बस उसे सुरक्षा चाहिए.

# पत्रकारिता में निडरता, निष्पक्षता व निस्वार्थ भाव निहित होना चाहिए : राकेश जैन

## देवर्षि नारद जी जयंती पर वरिष्ठ पत्रकार हुए सम्मानित









### -कहा - पत्रकारिता में सूचना तंत्र का है विशेष महत्व

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** देवर्षि नारद जी की जयंती के अवसर पर, नारद जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में बुधवार को नारद जयंती समारोह - 2026 का आयोजन बुन्देलखण्ड डिग्री कॉलेज (बीकेडी) के स्वर्ण जयंती सभागार में किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष अग्निहोत्री व मुख्य वक्ता अखिल भारतीय सह पर्यावरण प्रमुख राकेश जैन रहे। अतिथि परिचय विभाग प्रचार प्रमुख मनोज तिवारी टाटा ने कराया। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय सह पर्यावरण प्रमुख राकेश जैन ने महर्षि नारद जी से जुड़े धार्मिक और पौराणिक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि देवर्षि नारद जी का मुख्य कार्य सूचना का आदान-प्रदान करना और जरूरत पड़ने पर उकसाना , लेकिन उसके पीछे कोई विशेष कारण होता है। आधुनिक युग में सूचना तंत्र को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सूचना तथ्यात्मक हो, उद्देश्य बढ़ा-चढ़ाकर दुष्प्रचार नहीं होना चाहिए। यदि सूचना विश्वसनीय तरीके से पहुंचाई जाए तो परिणाम भी अत्यंत ही महत्वपूर्ण होते हैं। सूचना के युग में कभी कभी आलोचनात्मक पत्रकारिता भी करनी पड़ती है, लेकिन समाचार को तोड़-मरोड़कर पेश न करते हुए निडरता, निष्पक्षता और निस्वार्थ भाव से प्रस्तुत करना चाहिए। मुख्य अतिथि डॉ. आशीष अग्निहोत्री ने कहा कि आज तकनीकी युग में पत्रकारिता के क्षेत्र में चुनौतियां बहुत बढ़ गई हैं। उन्होंने पत्रकारों से सत्यनिष्ठा और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने का आव्हान किया। अध्यक्षता करते हुए बुन्देलखण्ड डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ एस. के. राय ने कहा कि देवर्षि नारद जी द्वारा पृथ्वी लोक, देवलोक से लेकर असुर लोक तक बुद्धिमता से सूचनाओं का आदान-प्रदान लोकहित व समाज हित में करने से प्रेरणा लेकर पत्रकारों को धर्म, न्याय, करूणा के साथ राष्ट्रहित में कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ना होगा क्योंकि आज सोशल मीडिया ने तमाम चुनौतियां पैदा कर दी है। पत्रकारों को विभिन्न परिस्थितियों में चुनौतियों का सामना कर आत्मविश्वास और साहस से आगे बढ़ना होगा। स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथियों का सम्मान उपजा जिलाध्यक्ष सोनिया पांडेय, पत्रकार डॉ राजेश चौरसिया एड.व स्वदेश के संपादक प्रमोद पचौरी ने किया। समारोह में अतिथियों ने वरिष्ठ पत्रकार रामगोपाल शर्मा, रामसेवक अडजरिया, हरी कृष्ण चतुर्वेदी, शीतल तिवारी, रामकुमार साहू को सम्मानित किया। वरिष्ठ पत्रकार महेश पटैरिया ने संचालन किया। समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक मनोज, महानगर सह संघचालक जय सिंह सेंगर, महानगर सायं जिला प्रचारक सचिन, सदर विधायक रवि शर्मा, एमएलसी रमा निरंजन, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी, महिला आयोग सदस्य अनुपमा लोधी, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य कुलदीप, डा संदीप सरावगी, मैथलीशरण मुदगिल, संतराम पेन्टर, अपर्णा वीरांगना, मीडिया क्लब अध्यक्ष मुकेश वर्मा, नेशनल पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिनंदन जैन, लक्ष्मी नारायण शर्मा, रोहित झा, दीपक त्रिपाठी, नंदकिशोर नन्दू, सरिता सोनी, आकांक्षा शुक्ला, आशुतोष नायक, धर्मेंद्र कुशवाहा, रवि अगरिया, रानू साहू, दीपक पुरोहित, मनीष अली, बबलू रमैया, वैभव सिंह, रमेश तिवारी, योगेश पटैरिया, वासु, शुभम श्रीवास्तव, अजय समेत महानगर प्रचार विभाग व नगर के दायित्वधारी स्वयंसेवक, आदि उपस्थित रहे। आभार महानगर प्रचार प्रमुख व पीके यूनिवर्सिटी के निदेशक जितेन्द्र मिश्रा ने व्यक्त किया।

# गंगा दशहरा पर होगी मां गंगा की महाआरती

### = घाट की साफ सफाई, जलकुंभी हटाने की मांग



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** सनातन एकता महासमिति द्वारा पहुज नदी के घाट पर हर बर्ष की तरह इस वर्ष भी गंगा दशहरा पर्व पर महाआरती की जाएगी। मां गंगा की महिमा का गुणगान किया जाएगा। नदियों की स्वच्छता एवम जल संरक्षण की महत्ता पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। महासमिति ने नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया। इसमें मांग की गई अनसुईया घाट पर साफ सफाई एवम जलकुंभी हटाने तथा लाइट की व्यवस्था की जाय। ज्ञापन में कहा गया कि 26 मई को गंगा दशहरा पर्व पर अनसुईया घाट पर शाम 6.30 बजे मां गंगा की महाआरती होगी। जिससे सनातन संस्कृति को बढ़ावा और नदियों की स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता बनी रहेगी। समिति सदस्यों ने महारानी लक्ष्मीबाई का चित्र सभी कार्यालयों में लगाए जाने की मांग की। इस अवसर पर अध्यक्ष् पुरुषोत्तम स्वामी ,महामंत्री विनोद अवस्थी ,पियूष रावत संयोजक , मुकेश अग्रवाल ,जयदीप खरे ,अतुल मिश्रा,पवन गुप्ता प्रभात शर्मा इत्यादि मौजूद रहे

## जनगणना प्रगणकों को दिया प्रशिक्षण

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** नगर पालिका के सहयोग से जनगणना प्रगणकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम खेर इण्टर कॉलेज के पं राम सहाय शर्मा कॉन्फ्रेंस हॉल में उपजिलाधिकारी गरौठा सुनील कुमार के निर्देशन एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी की देखरेख में सम्पन्न हुआ, जिसमें 50 प्रगणकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के मुख्य ट्रेनर गोपाल अग्निहोत्री एवं सहायक जे पी वर्मा ने प्रगणकों को टी वी स्क्रीन पर भवन मानचित्र एवं पूंछे जाने वाले प्रश्नों को भरकर समझाया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी गरौठा सुनील कुमार ने कहा कि प्रगणक पूर्ण निष्ठा के साथ भारत की जनगणना में सहयोग करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी ने उपजिलाधिकारी को सम्मानित किया। प्रशिक्षण में नगर पालिका टीम में प्रशिक्षण प्रभारी सोनू बक्शी, महेश्वरी शरण बुधौलिया, प्रकाश नारायण दीक्षित, दीपक कुमार दीपू महाराज, हरीओम श्रीवास, राजेश माली आदि ने सहयोग किया

## बच्चे देश का भविष्य है,उन्हें मार्गदर्शन दें-जवाहरलाल राजपूत

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** राजकीय इंटर कॉलेज खड़ौरा में चल रहे समर कैम्प का रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन हो गया। समर कैंप के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश है कि जन जन तक शिक्षा एवं विकास पहुंचे।

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, उन्हें उचित संसाधन उपलब्ध कराए जाएं तो यही बच्चे देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बुन्देलखण्ड के प्रख्यात सितारवादक संगीतगुरु पंडित परशुराम पाठक ने कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों का प्रवेश सरकारी स्कूलों में करवाएं तथा शासन द्वारा दी जा रहीं योजनाओं का लाभ लें। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान मनोज यादव एवं पूर्व प्रधान राम सुमिरन मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य हेम कुमार प्रजापति ने किया। अंत मे आभार व्यक्त प्रधानाचार्या किरन वर्मा ने किया। इस मौके पर हरिशंकर सोनी, हेमन्त मिश्रा, विक्की पटेल ,जनेन्द्र राजपूत, वीरेंद्र गौतम, ओमप्रकाश मिश्रा, कन्हैया लाल मिश्रा, कुंजबिहारी तिवारी, बनमाली मिश्रा, बीरेन्द्र तिवारी, ब्रजेश तिवारी, जैनेन्द्र, गणेश आदि मौजूद रहे।

# कार्यक्रम में अपनी नृत्य मनमोहक प्रस्तुति दी

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी ।** झांसी के राजकीय संग्राहलय में हुआ झंकार आल इंडिया नेशनल डांस कम्पटीशन एंड फ़ेस्टिवल सीजन 13 2026 जिसका आयोजन किया शगुफ्ता कथक नृत्य कला समिति द्वारा किया गया। जिसकी आर्गेनाइजर है डॉक्टर शगुफ्ता खान । फेस्टिवल परफॉर्मेंस में अलग अलग शहरो से प्रतिभागियों ने भाग लिया जैसे ओड़ीसा, मुम्बई, कोलकाता , महोबा, मऊरानीपुर झाँसी, दिल्ली , ग्वालियर बढ़ चढ़कर प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमे सभी प्रतिभागियों ने अपनी नृत्य मनमोहक प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया । अपनी नृत्य प्रस्तुति दी जिसमे निर्याक के रूप में पंडित सतीश शुक्ला (पंडित बिरजू महाराज के भांजे ) रहे वही चीफ गेस्ट में बृजबिहारी सोनी (महानगर अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल झांसी , अंकित राय (फाउंडर आसरा कंस्ट्रक्शन एवं हवाना रेस्ट्रॉन्ट) , भूमिका सिंह (मिसेस इंडिया वर्ल्ड , मिसेस इंडिया यूनीवर्स) गेस्ट ऑफ ऑनर मैं बुंदेली स्पिरिट की ओनर रविका खरे इंफ्लून्सर सृस्टि तिवारी उपस्थित रही साथ ही स्पेशल गेस्ट परफॉर्मेंस मैं आये ग्वालियर की दीप नारायण गौतम (रियलिटी शो डी आइ डी, इन्डिया का फेम) , सौम्या मिश्रा (अंतरराष्ट्रीय कथक नृत्यांगन्ना ) रही जिन्होंने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया । वही फेस्टिवल परफॉर्मेंस मैं ग्वालियर की सुरभि सितुत ऐलानि , भोपाल की प्राथना सप्तऋषि रही एंकरिंग मैं रोशलीमा कुजूर रही शगुफ्ता की पूरी टीम सुरेंद्र, संदीप गोस्वामी, मनीष पटसरिया , सौरभ गोस्वामी , अंशुल टुकवार, धर्मेन्द्र उपस्थित रहे प्रोग्राम के अंत मे डॉक्टर शगुफ्ता खान ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

## 66वां भव्य श्री रामचरित मानस सम्मेलन 24 मई 2026 से 28 मई 2026 तक

( यंग भारत न्यूज )




**झाँसी।** श्री रामचरित मानस समिति प्रेमनगर झाँसी के तत्वावधान में इस वर्ष भी 66वां भव्य श्रीरामचरित मानस सम्मेलन 24 मई 2026 से 28 मई 2026 तक कस्तूरबा कन्या इंटर कॉलेज प्रेमनगर परिसर में आयोजित होगा और श्रीरामचरित मानस सम्मेलन का समय सांय 4 बजे से 8 बजे तक होगा। कथा का वाचन पूज्य महामंडलेश्वर श्री विश्वभूषण दास जी महाराज, आचार्य पं.राकेश कुमार मानस मराल वृंदावन धाम व साध्वी आस्था दुबे मानस पीयूष जबलपुर करेगी। आज श्रीरामचरित मानस समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम हेतु सम्पूर्ण व्यवस्था पर चर्चा की तथा इस अवसर पर मुख्य रूप से पं.श्याम सुंदर अवस्थी अध्यक्ष, पं.सियारामशरण चतुर्वेदी संचालक, ठा.अरुण सिंह, डॉ. जितेंद्र तिवारी, कैलाश नारायण मालवीय, महेंद्र श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश मिश्रा, अशोक अग्रवाल, हरीशंकर शर्मा, नागेशचंद्र तिवारी, रामकुमार ज्ञानी, कुलदीप अवस्थी सहित आदि उपस्थित रहे।

## माटीकला व माटी शिल्पकला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कारीगरों, शिल्पियों को पुरस्कृत किया जायेगा

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** उप्र माटीकला बोर्ड की ओर से विगत वर्षों की भांति झांसी मण्डल मैं वित्तीय वर्ष 2026-27 में माटीकला व माटी शिल्पकला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कारीगरों या शिल्पियों को पुरस्कृत किया जायेगा, इस योजना के अन्तर्गत मिटटी के बर्तनों, खिलौना, मूर्तियों आदि का निर्माण कर जीविकोपार्जन करने वाले प्रजापतियों, माटीकला शिल्पियों, परंपरागत कारीगरों जो उत्मृष्ट कार्य करते है, इनको मंडल स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसमें चयनित प्रथम पुरर्कार 15,000 रू0 द्वितीय पुरस्कार 12,000 रू0 और तृतीय पुररकार 10,000 रू0 की धनराशि के चेक के साथ प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट https./ /upmatikalaboard.in/Home/ MatikalaPuraskar पर 31.05.20268तक कर सकते है, आवेदक नामांकन फार्म के साथ आधार कार्ड.जाति प्रमाण पत्र, बैक पासबुक की फोटोकॉपी.स्वय की फोटो और उत्पाद की फोटो अपलोड करना होगा, अधिक जानकारी हेतु इच्छुक अम्यर्थीजिला ग्रामोद्योग कार्यालय इलाइट सिनेमा के पीछे झांसी एवं मोबाइल नंश 7408410797 तथा मो0न0 99351 18886 पर संपर्क कर सकते है।

# संचालित मसूर क्रय केंद्र पर गड़बड़ी करने पर होगी कड़ी कार्रवाई, दर्ज होगी एफआईआर : जिलाधिकारी



**झांसी।** विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। उन्होंने किसान दिवस की अध्यक्षता करते हुए कहा कि किसान दिवस बेहद संवेदनशील एवं अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने उपस्थित किसानों के मध्य कहा कि किसान इस अवसर पर अधिक से अधिक खेती किसानी में आ रहीं समस्याओं को उठाएं ताकि किसान दिवस की सार्थकता सिद्ध हो सके। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कहा कि किसान दिवस में प्राप्त किसानों द्वारा दी गई शिकायतों को समय से संबंधित विभागों को सुपुर्द कर दिया जाए ताकि समस्याओं का समय से निस्तारण किया जा सके। उन्होंने खेती किसानी के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना और समस्याओं को संवेदनशील होकर तत्काल निस्तारण किया जाना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी विभागों को आपसी सामंजस्य बनाते हुए किसानों को अधिक से अधिक विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए खेती को कैसे लाभदायक बनाया जाय, उनके उत्पादन को कैसे बढ़ाया जाए, कैसे उन्हें उनकी उपज का बेहतर दाम दिलाया जा सके पर फोकस किए जाने के निर्देश दिए। किसान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी गौरांग राठी ने उपस्थित किसान प्रतिनिधियों सहित किसानों को बताया कि जनपद में 25 मसूर क्रय केंद्र प्रस्तावित हैं, जिसमें 09 केंद्र संचालित हैं शेष 16 क्रय केंद्र जल्द ही संचालित होंगे। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण में केंद्र पर किसी भी तरह की गड़बड़ी पाई जाती है तो कड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने किसानों को बताया कि जनपद में उड़द और मूंग के भी क्रय केंद्र संचालित होंगे और टोकन के माध्यम से खरीद की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में हजारों कृषक ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराने वाले किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित तो होगें साथ ही उन्हें खाद एवं अन्य योजनाओं के लाभ भी वंचित रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री की जिम्मेदारी कृषि विभाग की है, इसलिए जल्द से जल्द जनपद के समस्त कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने के उद्देश्य से जनपद में संचालित समस्त गेहूं क्रय केंद्रों पर फार्मर रजिस्ट्री का विशेष कैंप लगाया जा रहा है, किसान मौके का फायदा उठाते हुए फार्मर रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभिन्न विभागों को दायित्व निर्धारित किए। फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्य में जिला कार्यक्रम विभाग, मत्स्य विभाग, लघु सिंचाई विभाग, आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभाग जो सीधे किसानों से जुड़े हुए हैं। सभी को प्रत्येक दशा में क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्री तैयार किए जाने के कार्य में सहयोग दिए जाने के निर्देश दिए। किसान दिवस की बैठक में किसान प्रतिनिधि कमलेश लंबरदार ने बताया कि समस्त तहसीलों में अंश निर्धारण में गड़बड़ी हुई है, जिसे लेखपाल ही सुधार सकते हैं। जिलाधिकारी ने तत्काल 10 दिन में अभियान चलाते हुए अंश निर्धारण में सुधार किए जाने हेतु उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया। इसी क्रम में किसानों द्वारा बताया गया कि की ग्राम खड़ैनी में रात में गेहूं तुलाई का कार्य हो रहा है, जबकि किसानों को बारदाना न होने पर वापस लौटा दिया गया। किसान ने बताया कि खरीफ में धान की फसल क्षतिग्रस्त हुई परंतु व्यक्तिगत शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई जबकि बहत्तर घंटे में फसल क्षति की जानकारी दे दी गई थी। जिलाधिकारी ने उक्त प्रकरण की जांच कराए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर किसान नेता महेंद्र शर्मा, किसान नेता कमलेश लंबरदार, राजेश कुमार बिरगुंआ, सुनील रिछारिया, सुरेंद्र पुरातिनी सहित अन्य किसानों ने भी अपनी समस्याओं को रखा और अधिकारियों से समय से उनका निस्तारण कराए जाने की मांग की।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718